रांची, शनिवार, 31 मई 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ शुक्ल-4 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 266 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ धीमा जहर है यह, छोड़ दीजिए

अनन्या पांडे के भाई ने बॉलीवुड में फिल्म 'सैय्यारा' से किया डेब्यू ◂◂ 6


# हजारीबाग जेल में नक्सली ने की आत्महत्या, प्रशासन में मचा हड़कंप

● जेल प्रशासन पर उठ रहे गंभीर सवाल

संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले के केंद्रीय कारागार में एक नक्सली की फंदे से लटकती हुई बॉडी बरामद की गई है। मृतक की शिनाख्त दुमका के काठीकुण्ड थाना क्षेत्र निवासी छोटा श्यामलाल देहरी (30) के तौर पर की गई है। आज यानी शनिवार सुबह उसकी बॉडी वार्ड डी में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना हजारीबाग का लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार से सामने आई है।



## जांच में जुटा जेल प्रशासन

यह घटना जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इसी जेल में एक सजायाफ्ता कैदी ने आत्महत्या की थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। फिलहाल, जेल प्रशासन मामले की जांच कर रहा है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटा है।

### गिनती के दौरान हुआ मामले का खुलासा

मिली जानकारी के अनुसार छोटा श्यामलाल को 9 फरवरी 2021 को दुमका केंद्रीय कारा से हजारीबाग जेल में स्थानांतरित किया गया था। वह नक्सली गतिविधियों से जुड़े आठ मामलों में विचाराधीन था। शनिवार सुबह गिनती के दौरान जब वह अपने स्थान पर नहीं मिला, तो तलाशी के बाद उसे वार्ड डी में फांसी पर लटके पाया गया।

### पोस्टमॉर्टम के लिए भेज गई बॉडी

जेल प्रशासन ने तुरंत चिकित्सकों की टीम को मौके पर भेजा, जिन्होंने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। जेल प्रशासन ने इस घटना की सूचना राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और संबंधित विभागों को दे दी है। मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है, जो हजारीबाग के लिए रवाना हो चुके हैं।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गयी है। यह घटना जिले के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित केतारी बागान रेलवे के पास शुक्रवार की रात घटी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पायी थी। पुलिस के अनुसार, शव की स्थिति को देखते हुए प्रथम द्दष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि अन्य सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने शिनाख्त और घटना की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी कार, पिता-पुत्र समेत पांच की मौत, 6 गंभीर

एजेंसी

**हरदोई :** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले में भीषण सड़क हादसा पेश आया है। यहां मझिला क्षेत्र में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में पिता पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम भुप्पा पुरवा मोड़ के पास तड़के करीब तीन बजे हुआ जब आलमनगर मार्ग पर भुप्पा पुरवा मोड़ पर तेज रफ़्तार आर्टिका कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। उन्होंने बताया कि पाली थाना क्षेत्र के पटियानीम गांव निवासी नीरज की बारात कुसुमा गांव गई थी। विवाह समारोह के पश्चात बाराती घर वापस लौट रहे थे कि यह हादसा हो गया। हादसे में कार में जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ,रामू, जौहरी और छह अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार के अंदर फंसे सभी घायलों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने जितेंद्र, उसके पुत्र सिद्धार्थ, रामू, आकाश और जौहरी को मृत घोषित कर दिया जबकि छह अन्य की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

## दोनों स्ट्रीम में लड़कियां आगे

# जैक ने जारी किया 12वीं का रिजल्ट, लड़कियों ने मारी बाजी



संवाददाता

**रांची :** जैक ने 12वीं परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। फिलहाल इंटर साइंस और कॉमर्स का परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारी है। कॉमर्स में 91।2% छात्र सफल हुए हैं, जो पिछले साल से करीब 2 प्रतिशत अधिक है।

● इंटर साइंस में 79.26% और कॉमर्स में 91.2% स्टूडेंट्स पास

● लातेहार का सबसे अच्छा रहा रिजल्ट

वहीं, लातेहार जिला साइंस और कॉमर्स में सबसे आगे रहा।

चाईबासा की रेशमी कुमारी कॉमर्स टॉपर बनी हैं। जबकि धनबाद के गोविंदपुर अंकिता दत्ता ने साइंस टॉपर में अपनी जगह बनाई है। इसके अलावा 545 स्कूलों में से 305 स्कूलों में सभी के सभी विद्यार्थी सफल हुए हैं। जैक सचिव जयंत कुमार मिश्र ने आंकड़े जारी किए।

## झारखंड महिला हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का निधन

### पारस हॉस्पिटल में चल रहा था इलाज

संवाददाता

**रांची :** झारखंड की जानी-मानी हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का आज निधन हो गया। बीते दिन उन्हें पैरालिसिस अटैक आया था, जिसके बाद उन्हें रांची के पारस हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बावजूद वे जीवन की जंग हार गईं। उनके निधन से राज्य के खेल जगत में गहरा शोक व्याप्त है।

प्रतिमा बरवा खूंटी स्थित आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की प्रमुख कोच थीं और झारखंड की महिला हॉकी को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वह सिमडेगा में कोच भी रह चुकी हैं और उनके प्रशिक्षण में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंची हैं।

हॉकी कोच प्रतिमा बरवा के मार्गदर्शन में झारखंड की कई महिला खिलाड़ी उभरकर सामने आई हैं। इतना ही नहीं, उनके छत्रछाया में अर्जुन पुरस्कार विजेता सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग,



दीपिका सोरेंग, रजनी केरकेट्टा और सुषमा कुमारी जैसी खिलाड़ियों ने न केवल भारत और झारखंड का नाम रोशन किया है, बल्कि देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप भी छोड़ी है।

कोच बरवा के निधन की खबर मिलते ही खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा है। खिलाड़ियों, कोचों, खेल प्रशासकों और खेलप्रेमियों ने उन्हें 'मां समान मार्गदर्शक' बताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। खेल विभाग और झारखंड हॉकी संघ की ओर से भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें झारखंड हॉकी की नींव और संघर्ष की मिसाल बताया गया है।

## यूएस सुप्रीम कोर्ट ने किया ट्रंप सरकार का रास्ता साफ


# 5 लाख लोगों पर मंडराया निर्वासन का खतरा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप सरकार का रास्ता साफ कर दिया है। कोर्ट ने फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के उस आदेश को हटा दिया है, जिसके तहत क्यूबा, ??हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के चार देशों के पांच लाख से अधिक प्रवासियों के लिए मानवीय पैरोल सुरक्षा को बरकरार रखा गया था।

रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने ट्रंप प्रशासन को एक अन्य मामले में लगभग 350,000 वेनेजुएला के प्रवासियों के लिए अस्थायी कानूनी स्थिति को रद्द करने की भी अनुमति दी है। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि इस कदम ने ट्रंप प्रशासन के लिए हजारों प्रवासियों के लिए अस्थायी कानूनी सुरक्षा को फिलहाल खत्म करने का रास्ता साफ कर दिया है और निर्वासन के दायरे में आने वाले लोगों की कुल संख्या को लगभग दस लाख तक पहुंचा दिया है।

अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर पर आने वाले प्रवासियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, बाइडेन प्रशासन ने 2022 के अंत और 2023 की शुरूआत में क्यूबा,



हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के लोगों के लिए पैरोल कार्यक्रम बनाया, जिसके तहत उन्हें कुछ प्रोसेस से गुजरने के बाद दो साल तक अमेरिका में काम करने की इजाजत दी गई। इस प्रोग्राम ने लगभग 5,32,000 लोगों को निर्वासन से बचाया।

लेकिन अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत के तुरंत बाद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम को सभी पैरोल प्रोगाम को टर्मिनेट करने का निर्देश देते हुए एक कार्यकारी आदेश जारी किया। कार्यकारी आदेश पर कार्रवाई करते हुए नोएम ने मार्च में पैरोल प्रोग्राम को समाप्त करने की घोषणा की, जिसके तहत पैरोल के किसी भी अनुदान की वैधता 24 अप्रैल तक समाप्त हो जाएगी। मैसाचुसेट्स में एक फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज ने नोएम द्वारा प्रवासियों की अस्थायी कानूनी स्थिति को पूरी तरह से रद्द करने के फैसले को रोकने पर सहमति जताई। उस समय कई पैरोलियों और एक गैर-लाभकारी संगठन सहित 23 व्यक्तियों के एक ग्रुप ने नोएम द्वारा प्रोग्राम को समाप्त करने को चुनौती दी थी।

ट्रंप प्रशासन ने पहले पहले सर्किट के लिए यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स में अपील की, जिसने अपील लंबित रहने तक जिला न्यायालय के आदेश को रोकने से इनकार कर दिया और फिर सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की।

## कांग्रेस नेता खुर्शीद ने पाक के साथ अपनी पार्टी को भी दिखाया आईना, कहा

# पाक ने सीजफायर के लिए जोड़े थे हाथ

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद हुए सीजफायर को लेकर दो टूक जवाब दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा है कि पाकिस्तान को संघर्ष में भारी नुकसान हुआ था और इसी वजह से उसने सीजफायर की पेशकश की। इसके साथ ही उन्होंने सीजफायर से जुड़े तमाम दावों और अफवाहों को बकवास करार दिया है। कांग्रेस नेता का ये बयान खुद उनकी पार्टी लाइन से इतर है। कांग्रेस लगातार सरकार से सीजफायर में ट्रंप के कथित हस्तक्षेप के दावों पर सवाल उठा रही थी। सलमान खुर्शीद ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ संपर्क नहीं किया, बल्कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तनाव खत्म करने के लिए पाकिस्तान के डीजीएमओ से संपर्क किया था। कांग्रेस नेता



सलमान खुर्शीद ने कहा, आप में से एक ने पूछा, हम क्यों (सीजफायर) रुके? यह कहना पूरी तरह से बकवास है कि हमने उन्हें (पाकिस्तान को) पहले फोन किया। हमने उन्हें पहले क्यों बुलाया? जब फोन किया गया, तब कौन रिसीव कर रहा था? यह सभी के लिए साफ है कि फोन पाकिस्तान के डीजीएमओ से भारत के डीजीएमओ को आया था। और जब उन्होंने कहा कि रोक दीजिए तो हमने रोक दिया और फिर हमने उन पर कोई और हमला नहीं किया।

## मंच से गरजे पीएम मोदी, पाक को ललकारा

# 'ऑपरेशन सिंदूर आंतकियों के लिए काल बन गया'

एजेंसी

**भोपाल/इंदौर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मप्र की राजधानी भोपाल पहुंच गए हैं। उन्होंने इंदौर मेट्रो, दतिया-सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया है।

इंदौर ने सफाई के लिए अपनी पहचान बनाई है। अब उसकी पहचान मेट्रो से भी होगी। मध्यप्रदेश में रेलवे क्षेत्र में भी काम हो रहा है। रतलाम-नागदा रूट को फोर लेन कर दिया है। इससे ट्रेन का संचालन अच्छे से होगा। दतिया और सतना को एयरपोर्ट मिल गया है। पीतांबरा पीठ और शारदा देवी के दर्शन करना बहुत सरल हो जाएगा।

**अहिल्याबाई ने समाज सुधारों को भरपूर समर्थन दिया:** मोदी ने कहा देवी अहिल्या जी ही थीं, उन्होंने महिलाओं का भी संपत्ति में



अधिकार हो, जिनके पति की असमय मृत्यु हो गई हो, वो फिर विवाह कर सकें। उस कालखंड में ये बातें करना भी बहुत मुश्किल लगता था। लेकिन अहिल्याबाई ने इन समाज सुधारों को भरपूर समर्थन दिया। उन्होंने मालवा की सेना में महिलाओं की एक विशेष टुकड़ी भी बनाई थी। ये पश्चिम की दुनिया के लोगों को पता नहीं है। हमें कोसते रहते हैं। हमारी माताओं-बहनों के अधिकारों के नाम पर हमें नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं।

**महिलाओं को बनाया सशक्त :** 11 सालों में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। 2014 से पहले 30 करोड़ महिलाएं ऐसी थी। जिनका बैंक एकाउंट नहीं था। इनका एकाउंट खुलवाया गया। ऐसी बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया। उनको मुद्रा योजना से लोन मिल रही है। 75 फीसदी महिलाएं इससे लाभावित हुई है। देश में 10 करोड़ महिलाएं किसी ना किसी सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी है। सरकार इनकी मदद कर रही है। ऐसी तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है। डेढ़ करोड़ से ज्यादा बहने लखपति दीदी बन भी चुकी हैं।

### बेटियों का शोर्य पूरी दुनिया देख रही है

आपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य का प्रतीक बना है। हम सभी जानते हैं कि बीएसएफ का ऑपरेशन में बहुत बड़ा रोल रहा है। कश्मीर से गुजरात तक बीएसएफ की बेटियां मोर्चा संभाल रहीं थी। उन्होंने सीमा पार से हो रही है फायरिंग की जवाब दिया है। बीएसएफ की वीर बेटियों ने अद्भुत शोर्य दिखाया है। बेटियों का शोर्य पूरी दुनिया देख रही है।

### हमारी सेना ने दुश्मन को घर में घुसकर मारा

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी। यही चुनौती उनके और उनके आकाओं को लिए काल बन गई। हमारी सेना ने दुश्मन के घर में सैकड़ों किमी दूर घुसकर उनके आतंकी ठिकानों को तबाह किया। ऑपरेशन सिंदूर भारत के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा सफल ऑपरेशन है।

## देश में बढ़ रहा कोरोना का खतरा

# दिल्ली में नए वेरिएंट से पहली मौत 60 साल की महिला ने तोड़ा दम

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देशभर में कोरोना वायरस के मामलों में एक बार फिर तेजी से उछाल देखा जा रहा है। पिछले एक सप्ताह में ही देश भर में 2 हजार से अधिक नए सक्रिय मामले सामने आए हैं। इस बीच, दिल्ली में कोरोना के एक नए वेरिएंट से पहली मौत की पुष्टि हुई है, जहां एक 60 वर्षीय महिला ने संक्रमण के कारण दम तोड़ दिया। दिल्ली के साथ-साथ नोएडा और गाजियाबाद में भी कोरोना तेजी से फैल रहा है। दिल्ली में बीते 24 घंटों में 56 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे सक्रिय मामलों की संख्या 200 के पार पहुंच गई है। देश में कोरोना से मरने वालों का कुल आंकड़ा 15 तक पहुंच गया है, जिसमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। दिल्ली में कोरोना से जान गंवाने वाली महिला को पहले पेट में असहनीय दर्द और उल्टी की शिकायत हुई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला कि उन्हें एक्यूट इंटेस्टाइनल



ऑब्स्ट्रक्शन था, जिसके चलते तुरंत लैप्रोटॉमी (पेट की सर्जरी) की गई। ऑपरेशन के बाद किए गए रूटीन टेस्ट में महिला में कोविड-19 की पुष्टि हुई। हैरानी की बात यह है कि मरीज में पहले कोरोना के कोई लक्षण नहीं थे।

केरल में भी कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जो अब 1147 तक पहुंच गई है। पिछले एक सप्ताह में यहां मामलों में काफी वृद्धि दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि यहां ओमिक्रॉन के मामले सामने आ रहे हैं। देश के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में हो रही इस वृद्धि के बीच, देश में चार नए वेरिएंट भी पाए गए हैं। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इन्हें अभी तक चिंताजनक नहीं माना है और निगरानी में रखे गए वेरिएंट की श्रेणी में रखा है।

न्यूज ब्रीफ

## वॉलीबॉल संघ ने किया अंडर-16 प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित



**खूंटी :** बिरसा कॉलेज मैदान में खूंटी वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित अंडर-16 बालक एवं बालिका ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह धूमधाम से संपन्न हो गया। इस अवसर पर दोनों वर्गों के बीच रोचक वॉलीबॉल मैचों का आयोजन किया गया, जहाँ युवा खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष सर, डिप्टी कमांडेंट, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला और भविष्य में और अधिक सफलता के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, सचिव पीटर मुंडू, राज कुमार गुप्ता, पृथ्वीराज, विकाश मिश्रा, विक्की गुप्ता, पवन कुमार, मनोज राय, अमित राम, गौतम रॉय, अंचल कुमारी, निशि, तन्नू, कृपा हेलेन, अनिमा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को वॉलीबॉल के मूलभूत कौशल सिखाने के साथ-साथ टीम भावना, अनुशासन और खेल भावना को विकसित करना था। शिविर के दौरान बच्चों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा तकनीकी ज्ञान और फिटनेस टिप्स भी दिए गए।

खूंटी वॉलीबॉल संघ ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की योजना जाहिर की है, ताकि जिले के युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके।

## थाने में फरियाद लेकर आने वालों की समस्याओं का करें त्वरित समाधान : एसपी



**चतराः** पुलिस लाइन के सभागार में शुक्रवार को जिले के नए एसपी सुमित जायसवाल ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में जिले के सभी एसडीपीओ, डीएसपी, इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी उपस्थित थे। नए एसपी का पुलिस पदाधिकारियों के साथ यह पहली बैठक थी। सबसे पहले एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद जिले के प्रमुख समस्याओं पर चर्चा हुई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को यह सख्त निर्देश दिया कि थाना में फरियाद लेकर पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं को थानेदार गंभीरता पूर्वक सुनें। लोगों को यह एहसास होना चाहिए कि थाना पुलिस उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है। इसमें कोताही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कारवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि जो भी लोग अपनी समस्या लेकर पुलिस पदाधिकारियों के पास पहुंचते हैं, उनके समस्याओं का त्वरित निष्पादन होना चाहिए। चतरा पुलिस लोगों को बेहतर पुलिसिंग कर दिखाएगी। इसके बाद चतरा के लिए बड़ी समस्या बन चुकी अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी पर विसतृत चर्चा हुई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को यह निर्देश दिया कि अफीम व ब्राउन शुगर की तस्करी में जुटे तस्करों, पेडलरों और इसके सेवन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करें। किसी भी हाल में चतरा में अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी नहीं होने दिया जाएगा। जो भी लोग इसमें संलिप्त पाए जाते हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए जेल भेजें। बैठक में लंबित मामलों का निष्पादन जल्द से जल्द करने, फरार वारंटियों को गिरफ्तार करने तथा लंबित कुडकी जप्ती के मामलों का निष्पादन करने का भी निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन



**चतराः** शुक्रवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर चतरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार के नेतृत्व में उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर चतरा से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया । आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता एवं दैनिक क्रियाकलाप में शारीरिक क्रियाकलाप पर ध्यान देना है । डॉक्टर पंकज कुमार ने बताया कि मोटापा,निष्क्रिय जीवनशैली,तनाव,धूम्रपान, शराब एवं आहार में सोडियम की अधिकता उच्च रक्तचाप को बढ़ावा देती है। लोगों को प्रतिदिन न्यूनतम आधा घंटे शारीरिक व्यायाम करना चाहिए । जीवन शैली में निष्क्रियता के कारण आज युवा वर्ग में भी उच्च रक्तचाप की समस्या उत्पन्न हो रही है । इस अवसर पर बीपीएम फुजैल अहमद , आनंद किशोर,नसीम अंसारी , सुधांशु कुमार,रमेश कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रात्रि रक्त पट्ट संग्रह कार्यक्रम का आयोजन

चतराः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज अंतर्गत गेंजना गांव में गुरूवार रात्रि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रात्रि रक्त पट्ट संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वेद प्रकाश ने किया वही इसका विधिवत उद्घाटन गेंजना पंचायत मुखिया प्रतिनिधी प्रभु भारती ने फीता काटकर किया।इसमें 20 वर्ष से ऊपर सभी लोगों फाईलेरिया जांच हेतु रक्तपट्ट संग्रह किया गया।जहां चतरा से पिरामल फाउंडेशन स्वास्थ्य के मंजर अहसान के द्वारा रक्तपट संग्रह का सहयोगात्मक अनुश्रवण किया गया एवं रात्रि रक्तपट संग्रह से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीणों को फाईलेरिया जैसे बीमारी फैलने के कारण, लक्षण, उपचार एवं रोकथाम आदि के बारे मे जानकारी दी गई। इस दौरान लगभग 100 लोगों से रक्त सैंपल लिया गया।

# प्रेम प्रसंग में युवक पर चलाई गोली, चार संदिग्ध हिरासत में

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतरा :** कुंदा थाना क्षेत्र के भौरुडीह गांव का रहने वाले लखन यादव के 20 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार पर गुरुवार की देर रात शहर के छठ तालाब रोड़ स्थित दीभा मोहल्ला में गोलीबारी की घटना हुई है। नीतीश दीभा मोहल्ला में अरविंद भारती के घर में किराए पर कमरा लेकर रह रहा था। नीतीश को पैर में गोली मारी गई है। उसे गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों ने उसके पैर से गोली निकाल दिया है। इधर दूसरी ओर घायल युवक के बयान पर सदर थाना पुलिस ने लावालौंग थाना क्षेत्र के पोटम गांव से चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जिन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, उनमें पोटम गांव निवासी विकास कुमार, राहुल कुमार, इंद्रेश कुमार व हेमंत कुमार का नाम शामिल है। इसमें हेमंत नीतीश का रुम पार्टनर है। घायल नीतीश ने बताया कि कुछ दिन पहले इंद्रेश के साथ उसकी कहासुनी हुई थी, तब उसने उसे



जान से मारने की धमकी दिया था। कुछ दिन पहले भी इंद्रेश के साथ तीन चार युवकों ने कुंदा में ही उसका पीछा किया था। घटना को लेकर सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि घायल युवक के बयान पर कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ किया जा रहा है।

गोलीबारी के पीछे प्रेम प्रसंग का मामलाः युवक नीतीश कुमार पर गोलीबारी की घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला सामने आ रहा है। बताया जाता है कि घायल नीतीश पोटम गांव की ही एक युवती से फोन पर बातचीत करता था। वह युवती से शादी भी करना चाहता था। इसी मामले को लेकर पूर्व में नीतीश और इंद्रेश के बीच मारपीट की घटना हुई थी। गोलीबारी की यह घटना संभवतः इसी से जुड़ी हुई है।

दो वर्ष पूर्व घायल नीतीश के भाई की हुई थी हत्याः गोलीबारी की घटना में गंभीर रूप से घायल नीतीश कुमार के बड़े भाई नंदकिशोर यादव की भी हत्या हो चुकी है। दो वर्ष पूर्व भौरुडीह गांव में ही खेत में पानी पटवन को लेकर मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें नीतीश के भाई नंदकिशोर यादव की हत्या हो गई थी। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## शादी समारोह में युवक को गोली मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतराः** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में बरवाकोचवा गांव में एक शादी समारोह में युवक अभिषेक कुमार यादव की गोली मारकर हत्या करने वाले दो आरोपी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवकों में बिहार के इमामगंज थाना क्षेत्र के बरडीह गांव निवासी बबलू राम के पुत्र सुमित कुमार व अमारिक पासवान के पुत्र विक्रम कुमार का नाम शामिल है। उक्त जानकारी शुक्रवार को एसपी सुमित जायसवाल ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि 29 मई की रात प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बरवाकोचवा गांव में एक शादी समारोह में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। उक्त सूचना पर प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम गांव में पहुंची और आरोपी दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों के पास से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। दोनों युवकों के विरुद्ध प्रतापपुर थाना में



हत्या का मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है। यहां बताते चले की 29 मई की रात बरवाकोचवा गांव में एक शादी समारोह में दो बरातियों के बीच डीजे पर गाना बजाने एवं डांस करने को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें आरोपी सुमित और विक्रम ने बराती अभिषेक कुमार यादव की गोली मारकर हत्या कर दिया था। मृतक अभिषेक भी हत्या के आरोपियों के गांव बरडीह का ही रहने वाले था। मृतक के पिता सुरेश यादव ने पुरानी दुश्मनी को लेकर पुत्र की हत्या का करने से संबंधित मामला प्रतापपुर थाना में दर्ज कराई है।

## धूमधाम से मनाया गया अर्जुन देव का शहीदी गुरु पर्व

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतरा :** शहीदों के सरताज गुरु अर्जुन देव का शहीदी गुरुपर्व शुक्रवार को प्रखण्ड के केदली कला गुरुद्वारा में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया।। सुबह सजाए गए विशेष दीवान में दर्जनों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दीवान में विभिन्न बच्चों द्वारा शबद गुरुवाणी का गायन तथा वक्ताओं द्वारा गुरु जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। ज्ञात हो कि गुरु गद्दी पर विराजमान श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के बढ़ते प्रभाव को देखकर तत्कालीन मुगल बादशाह जहांगीर द्वारा गुरु जी को जबरन इस्लाम धर्म स्वीकार करने हेतु विभिन्न प्रकार की यातनाएं देकर शहीद कर दिया गया था। इन्हीं के याद में प्रत्येक वर्ष गुरुपर्व मनाया जाता है।इस शहीदी गुरुपर्व के निमित्त स्त्री सत्संग की महिलाओं द्वारा ग्यारह दिनों तक श्री सुखमणी साहिब का पाठ सामूहिक रूप से किया गया। इस गुरुपर्व के अवसर पर गुरुद्वारे में उपस्थित श्रद्धालुओं तथा केदली बाजार के मुख्य चौराहे पर आमजनों के बीच छबील प्रसाद (ठंढा मीठा शरबत) का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई।



## उपायुक्त कीर्तिश्री ने विभिन्न विभागों का किया बिंदुवार समीक्षा



मेट्रो रेज संवाददाता

**चतराः** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला कल्याण, समाजिक सुरक्षा, कृषि, शिक्षा, श्रम, नियोजन, कौशल विकास, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, गव्य समेत अन्य विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई।

उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को कहा कि उक्त बैठक का उद्देश्य है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्र लाभुकों को मिले। आगे उन्होंने कहा समीक्षा के क्रम में ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ विभाग में लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन प्राप्त नहीं हो रहे हैं। इसके लिए सभी पदाधिकारी आमजनों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करें और आवेदन प्राप्त करते हुए लाभुकों को नियमसंगत योजनाओं से लाभान्वित करें।

शिक्षा विभाग को निर्देशित करते हुए कहा छात्र छात्राओं के लिए राज्य से जो पुस्तके प्राप्त हुई है उसे शत प्रतिशत विद्यालय तक पहुंचाएं और नियम संगत छात्र छात्राओं के बीच वितरण कराना सुनिश्चित करें। वहीं वित्तीय वर्ष 25- 26 में केंद्रीय केंद्र प्रायोजित मध्यान योजना के प्रगति प्रतिवेदन की बिंदुवार समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। प्रखंडवार विद्यालयों के समीक्षा के क्रम कहा वैसे सभी बच्चों जिनका बैंक खाता नहीं खुला है उसकी सूची उपलब्ध कराएं जिससे उक्त पात्रता रखने वाले छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिया जा सके। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिले भर में संचालित 1138 आंगनवाड़ी केंद्र भवन की स्थिति, विद्युत पहुंच, पेयजलापूर्ति, शौचालय समेत अन्य की जानकारी लेते हुए सभी आंगनवाड़ी केंद्रों तक विद्युत की पहुंच सुनिश्चित करने की बात कही।बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा समेत अन्य सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने 5 चयनित अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

**चतराः** उपायुक्त कृतिश्री ने समेकित बाल संरक्षण योजना, मिशन वात्सल्य के तहत संविदा के आधार पर चयनित पांच योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। इनमें संरक्षण पदाधिकारी (संस्थागत देखरेख), संरक्षण पदाधिकारी (गैर-संस्थागत देखरेख), सामाजिक कार्यकर्ता और आकड़ा विश्लेषक पद शामिल हैं। उपायुक्त ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते हुए कहा अपने पद पर ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। आपको बताते चलें कि उक्त पद लगभग 11 वर्ष से रिक्त था, पूर्व में भी दो बार नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी किंतु सभी पद में अभ्यर्थियों का चयन नहीं हो पाया था। मौके पर उप विकास आयुक्त, एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी उपस्थित थे।



## नमामी गंगे परियोजना अंतर्गत जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न




**चतराः** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में नमामी गंगे परियोजना अंतर्गत जिला गंगा समिति की बैठक की गई। बैठक में 5 जून को आयोजित होने वाले विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा से संबंधित जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार कार्यक्रम के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत जिला के सभी संबंधित अधिकारी को निदेश दिया गया कि निरंजना नदी के उदगम स्थल सिमरिया प्रखंड से लेकर निरंजना नदी गुजरने वाले प्रखंड यथा लावालौंग, चतरा, हंटरगंज में यह कार्यक्रम व्यापक रूप से किया जाय। अन्य ब्लॉक में स्थित स्थानीय नदी एवं जलाशय के किनारे जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया गया।कार्यक्रम में श्रमदान, स्वच्छता अभियान, पौधा रोपण, गंगा चौपाल, नुक्कड़ नाटक, गंगा स्वच्छता संकल्प, भजन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में उपायुक्त ने सभी आमजनों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में 5 जून को होने वाले कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाए। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित,राज्य स्वच्छ गंगा मिशन नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार के संप्रेषण सह सामाजिक विकास प्रबंधक अंजना भारती, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## निवर्तमान उपायुक्त रमेश घोलप व उनकी पत्नी को किया गया सम्मानित



गिद्धौर (चतरा): निवर्तमान उपायुक्त रमेश घोलप व उनकी पत्नी को रांची के जाने के क्रम में गिद्धौर ब्लॉक मोड़ में शुक्रवार को माला पहनाकर व गुलदस्ता के साथ साथ पारंपरिक टोपी पहनाकर सम्मानित किया।यह सम्मान सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा,मुखिया निर्मला देवी के नेतृत्व में किया गया। सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा व मुखिया निर्मला देवी ने बताया कि निवर्तमान उपायुक्त रमेश घोलप के नेतृत्व में प्रखंड में बेहतर संचालन किया गया।जिसे लेकर सम्मान के साथ विदाई दी गई।इस मौके पर बीपीओ बिनोद कुमार गुप्ता,बीपीएम सुरेंद्र प्रजापति,दांगी कुशवाहा समाज के जिला कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी,उपेंद्र दांगी,पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय,उज्वल कुमार सिंह,रोजगार सेवक सतेंद्र कुमार वर्मा,निर्मल दांगी,प्रदीप कुमार,पार्वती कुमारी,सीआई प्रमोद कुमार सिंहा,राजस्व उपनिरीक्षक पप्पू कुमार यादव समेत प्रखंड कर्मी के साथ साथ जेएसएलपीएस के सदस्य समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# मंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को बकाया बिल के बिना शव परिजनों को सौंपने का दिया निर्देश

संवाददाता



**रांची:** बालूमाथ के वरिष्ठ और कर्मठ पत्रकार विनय सिंह का आज प्रातः रांची स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दुखद निधन हो गया। जानकारी के अनुसार, कल रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें तत्काल उनके मित्र एवं बालूमाथ निवासी पत्रकार जावेद अख्तर द्वारा रांची लाया गया था। उन्हें बरियातू स्थित हेल्थ पॉइंट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा।

अत्यधिक प्रयासों के बावजूद डॉक्टर विनय सिंह की नाजुक हालत को संभाल नहीं सके और उनका निधन हो गया।

दुख की इस घड़ी में परिजनों ने इलाज में लापरवाही और असंवेदनशील अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सबसे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तब उत्पन्न हुई जब बकाया बिल का हवाला देते हुए अस्पताल प्रबंधन ने शव को परिजनों को सौंपने से इनकार कर दिया। जब यह जानकारी झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को प्राप्त हुई, तो उन्होंने मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनशील नेतृत्व का परिचय देते हुए तत्काल हस्तक्षेप किया। उनके स्पष्ट निर्देश पर अस्पताल प्रशासन को शव तुरंत परिजनों को सौंपना पड़ा।

मंत्री डॉ अंसारी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि राज्य के किसी भी अस्पताल को मृत्यु के उपरांत शव को बकाया राशि के नाम पर रोकने का कोई अधिकार नहीं है। इस पहल के लिए दिवंगत पत्रकार विनय सिंह के परिजनों और समस्त पत्रकार समाज ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। मंत्री की यह दयालुता, मानवीय दृष्टिकोण और सशक्त नेतृत्व राज्य भर में एक मिसाल है, जो समय-समय पर सामने आती रहती है।

# सेव ड्राइव सेव लाइफ के बैनर तले तुलिन में जागरूकता रैली



संवाददाता

**मुरी :** आज तुलिन झालदा थाना सीमावर्ती बंगाल में सेभ ड्राइव सेभ लाइफ के बैनर तले पुलिस ने जागरूकता रैली निकाली। जिसमें पुलिस ने बगैर हेलमेट के चलने वाले को सुरक्षित जीवन के महत्व को बताते हुए हेलमेट पहने की सलाह दी वहीं तीन लोड चलने पर मनाही की। इसके अलावा शाराब पी कर गाडी न चलाएं,तेज न चलाएं के बिषय में बताया। सभी पुलिस एवं सहायक कर्मी पोशाक के साथ नारे लगाते हुए इस अभियान को चलाया।

# सीएम शराब घोटाले में सीबीआई जांच की करें अनुशंसा : बाबूलाल मरांडी



**रांची:** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शराब घोटाले को लेकर लगातार राज्य सरकार पर प्रहार कर रहे हैं। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष ने एक बार फिर सरकार को घेरते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक बड़ी मांग की है। बाबूलाल ने कहा है कि सीएम अगर वास्तव में शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करने चाहते हैं, तो इसकी जांच सीबीआई से करवाये। इसे लेकर भाजपा नेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है।

नेता प्रतिपक्ष जहां तक स्मरण हो रहा है कि जब छत्तीसगढ़ सिंडिकेट के साथ मिलकर यहां शराब घोटाले की तैयारी हो रही थी। तब झारखंड से सचिव स्तर के एक अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम को वहां स्टडी कर रिपोर्ट देने के लिये भेजा गया था। इन अधिकारियों ने रायपुर दौरा कर महज चौबीस घंटे में छुट्टी के दिन अपनी रिपोर्ट बनाकर छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाने की अनुशंसा कर दी थी।

**इन्हें करना चाहिये जांच के दायरे में शामिल:** बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि एसीबी अगर इस शराब घोटाले के तह तक जाना चाहती है, तो उसे रायपुर गयी कमेटी में शामिल सारे लोगों की भूमिका एवं सहभागिता को जांच के दायरे में शामिल करना चाहिये। इस बात की जांच कर कार्रवाई करनी चाहिये कि रायपुर गई टीम ने वहां किन लोगों से मुलाकात की, क्या डील हुई? वह डील कराने में कौन लोग शामिल थे? किसके दबाव में उस टीम को महज चौबीस घंटे में छुट्टी के दिन भी छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाने की अनुशंसा वाली रिपोर्ट सौंपनी पड़ी थी?

**सीएम करे सीबीआई जांच की अनुशंसा:** बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते हुए कहा कि मैं एक बार फिर आपसे आग्रह कर रहा हूं कि अगर आप वास्तव में इस शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करना चाहते हैं। तो इस मामले की सीबीआई जांच की अनुशंसा करिये।

# श्री श्याम मित्र मंडल की नई कार्यकारिणी समिति का चुनाव 13 जुलाई को

## विश्वनाथ नारसरिया चुनाव पदाधिकारी मनोनीत

मेट्रो रेज



**रांची:** ख्याति प्राप्त सामाजिक-धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल की नई कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन 13 जुलाई (रविवार) को पूर्वाह्न 11 बजे हरमू रोड स्थित श्री श्याम उपासना भवन (श्री श्याम मंदिर) के प्रथम तल्ला स्थित सभागार में होगा। इस संबंध में कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से मंडल के संस्थापक सदस्य विश्वनाथ नरसरिया को चुनाव पदाधिकारी व सहयोगी के रूप में वरिष्ठ सदस्य राजकुमार केडिया को मनोनीत किया गया।

ज्ञातव्य है कि 12 जनवरी को श्री श्याम मित्र मंडल की साधारण सभा आहूत की गई थी, जिसमें निर्वाचन के कार्य को स्थगित करके बैठक स्थगित कर संस्था के विधान के अनुसार निर्वाचन करने की बात हुई थी। इसी के आलोक में 13 जुलाई को बैठक आहूत किया जा रहा है। कार्यकारिणी समिति की बैठक में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढांढनिया,प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनोली,आदित्य लोहिया, पंकज गाड़ोदिया, संजय सर्राफ,राजेश कटारुका,रतन शर्मा,स्नेह पोद्दार,राजेश चौधरी उपस्थित थे।

इस संबंध में चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि निर्वाचन की सभी तैयारियां प्रारम्भ की जा रही है।अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने कहा कि आहूत स्थगित बैठक साधारण सभा में सिर्फ निर्वाचन का विषय ही रहेगा। नारसरिया ने सभी से सहयोग का निवेदन किया है।

# पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को जमीन व मासिक वेतन दे सरकार : विजय शंकर

**रांची:** झारखंड के सभी पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को कर्नाटक, उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश ,छत्तीसगढ़ सरकार के तर्ज पर 05 डिसमिल जमीन और 25,000 रुपये मासिक पेंशन राशि के साथ-साथ चिकित्सा सुविधा मुहैया कराए राज्य की सरकार । आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए ईमेल पत्र के माध्यम से इस संबंध में ध्यान आकृष्ट कराते हुए कही । उन्होंने यह भी आगे कहा कि झारखंड के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को समृद्ध करने वाले पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों के सम्मान में, हम झारखंड सरकार से अनुरोध करते हैं कि इन विशिष्ट व्यक्तियों को उनके योगदान के लिए उचित सुविधाएं प्रदान की जाएं।

# पेंशन दरबार-सह-सेवानिवृत्ति विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन

## सेवानिवृत हुए शक्षकों को मोमेंटो देकर व शाल ओढ़ा कर किया गया सम्मानित

**रांची:** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आज समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में पेंशन दरबार-सह-सेवा निवृति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त द्वारा सेवानिवृत हुए कुल 08 शिक्षकों को मोमेंटो देकर व शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। जानकारी हो की जिला का यह कार्यक्रम जिसमें सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति के ही दिन सेवानिवृत्ति के सारे लाभ दे दिए गए।

उपायुक्त ने इस आयोजन में सभी सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों से कहा की सेवानिवृत्ति के बाद आप सभी जीवन में एक नए स्टेज में जा रहे है। आप सभी को शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से ढेर सारी शुभकामनाऐं। साथ ही उन्होंने कहा की आज सेवानिवृत्ति के ही दिन रिटायरमेंट बेनिफिट का सारा लाभ दिया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है। इस कार्यक्रम आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक रांची को विशेष धन्यवाद दिया

उपायुक्त ने इस इस कार्यक्रम आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को विशेष धन्यवाद दिया साथ ही सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों शुभकामनाऐं देते भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा की ईश्वर आपको लम्बी उम्र और अच्छा स्वास्थ्य दे। आप सभी को जीवन के अगली कड़ी के लिए शुभकामनाऐं आप सभी नए नए कार्यों में उपलब्धि पाए।

आपके आस-पास वैसे बच्चें जिन्हें विशेष शिक्षा की जरूरत है, उन्हें अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय पढ़ाएं।

मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी शिक्षको से विशेष रूप से कहा की आपके आस-पास वैसे बच्चें जिन्हें विशेष शिक्षा की जरूरत है, उन्हें अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय पढ़ाए, साथ ही आप सभी समाज में क्या-क्या हो रहा है इस पर ध्यान दें। साथ उन्होंने सेवा निवृत हो रहें शिक्षकों का वाहट्सएप्प ग्रुप बनाने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया ताकि सेवा निवृत शिक्षक अपने अनुभव इस ग्रुप में साझा कर सकें ताकि उनके अनुभव को शिक्षा में और बेहतर कराने में प्रयोग किया जा सकें।

# विद्यालयों के मनमाने फीस वसूली पर सरकार पूरी तरह नाकाम : निपु

**रांची:** झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री सह राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी केझारखंड प्रदेश अध्यक्ष निपु सिंह ने राजभर के निजी स्कूलों के मनमानी तरीके से ली जा रही फीस वसूली पर कडी. आपत्ती जताई है । श्री सिंह ने कहा कि स्कूलों द्वारा एनुअल डेवलपमेंट फीस, डिजिटल क्लास, लेट फाइन और बिल्डिंग फंड सहित कई तरह के शुल्क वसूली की जा रही हैं। जिन पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है । कहा कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन कई बार सार्वजनिक मंचों से बोल चुके हैं कि स्कूल वाले मनमानी न करें और कहा कि बीते दिनों में खुद शिक्षा मंत्री से मिला तो उन्होंने स्वीकार किया कि स्कूल वाले री एडमिशन के नाम बदलकर अलग-अलग नाम से पैसा ले रहे हैं फिर भी शिक्षा मंत्री ने कहा कि मैं प्रयास करूंगा की मनमानी रुके ।

# रिमांड खत्म : न्यायिक हिरासत में भेजे गए निलंबित आईएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह

**रांची:** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार झारखंड के सीनियर निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे और तत्कालीन उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो की विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें दोबारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसीबी ने शराब घोटाले में पूछताछ के लिए दोनों को रिमांड पर लिया था।

**एक ही दिन हुई विनय चौबे से पूछताछ:** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार राज्य के सीनियर आईएएस अधिकारी विनय चौबे और तत्कालीन उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को कोर्ट में पेश करने के बाद शनिवार को न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया है। आपको बता दें कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने निलंबित आईएएस विनय चौबे से पूछताछ के लिए अदालत से दो दिनों का रिमांड लिया था। लेकिन खराब स्वास्थ्य कारणों की वजह से उनसे केवल शुक्रवार को ही पूछताछ हो पाई। शनिवार को रिमांड अवधि खत्म होने की वजह से उन्हें वापस कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



**अब तक क्या निकला:** इससे पहले शुक्रवार को दोनों अधिकारियों से अलग-अलग पूछताछ की गई थी। जानकारी के मुताबिक, विनय कुमार चौबे ने पूछताछ के दौरान तबीयत ठीक नहीं होने की बात कह अधिकांश सवालों के जवाब टाल दिए। एसीबी की टीम ने उनसे पूछा कि प्लसमेंट एजेंसियों के चयन का आधार क्या था? जब कंपनियों ने बकाया जमा नहीं कराया तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई? बैंक गारंटी की जांच में अनियमितता क्यों बरती गई? इसके साथ ही उत्पाद सचिव के तौर पर उनकी भूमिका कैसी थी? ये सभी सवाल किए गए, हालांकि विनय कुमार चौबे अपनी सीधी संलिप्तता से इंकार करते रहे हैं।

**गजेंद्र सिंह ने पूछताछ में अपनी संलिप्तता से किया इंकार**

वहीं संयुक्त उत्पाद आयुक्त रहे गजेंद्र सिंह से एसीबी ने दो दिनों तक पूछताछ की। एसीबी को पूछताछ में गजेंद्र सिंह ने उत्पाद विभाग की भूमिका और जेएसबीसीएल के कार्यों की जानकारी दी है। गजेंद्र सिंह ने एजेंसियों के चयन और उनके बैंक गारंटी से जुड़े मामलों में अपनी भूमिका होने से इंकार किया। उन्होंने पूछताछ में एसीबी को बताया कि जेएसबीसीएल के अधीन सारी प्लेसमेंट एजेंसियां काम करती है।

# छात्र क्लब ग्रुप ने अजय नाथ शाहदेव को दी बधाई



मेट्रो रेज

**रांची:** पूर्व उप उपमहापौर अजय नाथ शाहदेव को झारखंड स्टेट ि क ॅ क े ट एसोसिएशन(जेएससीए)के नए अध्यक्ष चुने जाने पर उनके आवासीय कार्यालय पीपी। कम्पाउन्ड मे अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं तलवार भेंट कर छात्र क्लब ग्रुप की ओर से क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की अध्यक्षता में सम्मानित करते हुए बधाई दी गई। इस मौके पर क्लब के संरक्षक समित कुमार, शुभम चौधरी, पिया बर्मन, वीणा श्री, कुमारी विनीता,नीलम मीडिया प्रभारी चंदन कुमार,

भारत विभूषण लायन डॉक्टर राजेन्द्र कुमार हाजरा,अगाथा क्रिकेट अकादमी के डायरेक्टर राजन तिर्की,मुख्य कोच पारितोष साहू,विक्की सिंह, झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य, लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेश केडिया,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, अचीवर्स एकेडमी के निदेशक प्रतिज्ञा कुमार सिंह,आरआर पब्लिक स्कूल,नावासोसो के निदेशक रवि रंजन कुमार, चटकपुर के उप मुखिया नमिता देवी व अन्य मौजूद थे।

मौके पर डॉक्टर राजेंद्र कुमार हाजरा ने कहा कि क्रिकेट की पूरे विश्व मे एक अलग पहचान है। अजय नाथ शाहदेव के जेएससीए।के नए अध्यक्ष बनने पर झारखंड क्रिकेट को एक नई ऊर्जा मिलेगी। राजेश केडिया ने कहा अजय नाथ शाहदेव की नई टीम क्रिकेट के उत्थान में पूर्णरूप से मार्गदर्शित करेगी साथ ही अब झारखंड में और भी अधिक टेस्ट क्रिकेट और एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन होगा।

# श्वेता सिंह पैन कार्ड मामले में चुनाव आयोग सख्त, आयकर विभाग ने दिये जांच के निर्देश

संवाददाता

**रांची/बोकारो:** बोकारो विधायक श्वेता सिंह के पैन कार्ड मामले में चुनाव आयोग ने जांचे के निर्देश दिये। इसके बाद आयकर विभाग पूरे मामले की जांच में जुट गया है। जानकारी के अनुसार, चुनाव आयोग ने बोकारो की विधायक श्वेता सिंह के दो पैन कार्ड रखने के मामले में जांच का निर्देश दिया है। इस संबंध में राज्य चुनाव पदाधिकारी कार्यालय की ओर से आयकर विभाग को एक चिट्ठी लिखी गयी है।

**दो पैन कार्ड इस्तेमाल करने का है आरोप:** बता दें कि आयकर विभाग को विधायक श्वेता सिंह के दोनों पैन कार्ड का नंबर उपलब्ध कराया गया है। इन दोनों पैन कार्ड की सत्यता से संबंधित जानकारी विभाग से मांगी गयी है। मालूम हो कि श्वेता सिंह पर गलत तरीके से दो पैन कार्ड इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। उनके एक पैन कार्ड में पिता की जगह उनके पति का नाम लिखा गया है। जबकि, पैन कार्ड में पिता के नाम का ही उल्लेख करना अनिवार्य है।

**पहले भी लग चुका है आरोप:** इस मामले में भाजपा नेताओं द्वारा की गयी शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने इसपर संज्ञान लेते हुए आयकर विभाग को जांच का निर्देश दिया है। गौर करने वाली बात है कि पहचान पत्र में गड़बड़ी को लेकर पहली बार विधायक श्वेता सिंह जांच के घेरे में नहीं आयी हैं। इससे पहले भी आयोग द्वारा बोकारो और जमुई के उपायुक्त को श्वेता सिंह के मतदाता पहचान पत्र की जांच करने का निर्देश दिया गया है। उन पर गलत तरीके से एक से अधिक वोटर आइडी कार्ड रखने और चुनाव आयोग को गलत जानकारी देने का भी आरोप लग चुका है।

# पूर्व चुनाव संयोजक जुनैद आलम छह वर्ष के लिए कमेटी से निष्कासित



**रांची :** जमीअतुल मोमिनीन चौरासी झारखण्ड सरपरस्त कमेटी की बैठक मास्टर सादिक अंसारी की अध्यक्षता में हुई। ऊर्दू लाइब्रेरी मेन रोड रांची के समीप आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तीन प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें विगत दिनों जामियत चौरासी के संपन्न हुए असंवैधानिक और अवैध चुनाव के साजिशकर्ता पूर्व चुनाव संयोजक जुनैद आलम की सदस्यता रद्द करते हुए छह वर्ष के लिए उन्हें निष्कासित कर दिया गया। इसके अलावा पालोजोरी मधुपुर के मेराज अंसारी की पुलिस हिरासत में हुई मृत्यु के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर पुलिस हिरासत में मृत्यु की उच्च स्तरीय जाँच की मांग की गई। साथ ही पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए एवं मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी शीघ्र देने की माँग की गई। बैठक में तय किया गया कि जमिअतुल मोमिनीन चौरासी झारखण्ड का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही पीड़ित परिवार से मिलेगा और राज्य के डीजीपी, झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग, राजनीतिक दलों के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष से मिलकर मेराज अंसारी की पुलिस हिरासत में मृत्यु की उच्च स्तरीय जाँच कराने व घटना की सच्चाई से अवगत कराएंगे। बैठक में मास्टर सादिक, हाजी मजहर, अतीक उर्रहमान, अकील अहमद, अब्दुर्रजाक, मो जैदी, हाजी मोज्जम, शकील अंसारी, हाजी फारूख, फिरोज अख्तर, मोहम्मद मोजम्मिल, शोएब अंसारी व शमीम अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस
हम है शपथ के लिए प्रतिबद्ध

"मैं यह सकल्प लेता/लेती हूँ कि तंबाकू या निकोटिनयुक्त किसी भी उत्पाद का सेवन नहीं करूँगा/करूँगी। मैं तंबाकू उत्पादों की आकर्शक पैकेजिंग, फ्लेवर और प्रचार में छिपे छलपूर्ण और भ्रमाक इरादों को पहचानूँगा/पहचानूँगी तथा उनके प्रलोभन में नहीं आऊँगा/आऊँगी। मैं तंबाकू से दूर रहकर न केवल स्वयं को, बल्कि अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी इसके घातक प्रभावों से बचाने का सतत प्रयास करूगा/करूँगी। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में, मैं स्वस्थ भारत निर्माण और तंबाकू – मुक्त समाज की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाउँगा/निभाउँगी। आइए, हम सब मिलकर एक तंबाकू – मुक्त, स्वस्थ और समृद्ध झारखण्ड तथा भारत का निर्माण करें।"

जिन्दगी चुनें – तम्बाकू नहीं

सिविल सर्जन, गुमला।

PR.NO.353924 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## महारानी अहिल्याबाई होलकर

पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर 31 मई 1725 को अहमदनगर (अहिल्या नगर) के नाम से प्रसिद्ध जनपद के चौंडी गांव में जन्मी थी। यह वर्ष उनके जन्म का त्रिशताब्दी वर्ष है ' उनके सुशासन, लोक कल्याणकारी नीतियों एवं आसेतु हिमाचल सांस्कृतिक उत्थान के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनका 300 वाँ जयंती वर्ष संपूर्ण देश मना रहा है। समाज जीवन में सक्रिय अनेक सामाजिक संगठनों ने इस कार्य को बड़े उत्साहपूर्वक संपन्न किया है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डाजी के नेतृत्व में 21 मई से 31 मई तक 10 दिवसीय अभियान लोकमाता अहिल्याबाई की स्मृति को समर्पित किया है। महारानी अहिल्याबाई होलकर के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं उनके प्रेरणा प्रद जीवन से प्रेरित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब कल्याण की योजनाओं एवं ह्वविकास से विरासतह्व के उनके संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का काम भाजपा के कार्यकर्ता कर रहे है। बौद्धिक संवाद, प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएँ, मंदिरों व घाटों की स्वच्छता, आरती एवं शोभायात्राओं के माध्यम से यह कार्य संपन्न हो रहा है। राज्यों की सरकारे एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा भी अनेक योजनाओं एवं संस्थाओं का नाम महारानी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर किया गया है। पश्चिमी विद्वानों ने भारत के संबंध में दुष्प्रचार करते हुए कहा कि ह्वहिन्दु शासन व्यवस्था अराजक थीह्व, जेम्स मिल ने लिखा था कि ह्वभारत नैतिक रूप से खोखला और स्वार्थी समाज था जो शासन योग्य नहीं थाह्व। जबकि पश्चिमी देशों में धर्म के नाम पर भीषण अत्याचार हो रहे थे। तब भारत में महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने लोक कल्याणकारी धर्मराज्य की स्थापना की थी । भारत में धर्म एक व्यापक कल्पना है' जो आर्थिक एवं नैतिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। धर्म व्यक्तिगत जीवन में अथोर्पार्जन एवं मानवीय गुणों के विकास से लेकर मोक्ष तक का मार्ग सिखाता है। वहीं शासनकताओं के लिए आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने वाली नीतियों एवं योजनाओं तथा व्यक्तिगत जीवन में परस्पर आत्मीय व्यवहार, समाज , प्रकृति आदि के साथ अपना संबंध सिखाता है। इसी को ऋषि कणाद द्वारा वैशेषिक सूत्र में कहा गया है कि भारत में धर्म के आधार पर चलने वाले शासन को ही आदर्श शासन माना गया है। जिसमें सभी सुखी एवं निरोगी हो। अर्थात भौतिक दृष्टि से आर्थिक समृद्ध , सभी को स्वस्थ जीवन प्रदान करने वाली नीतियाँ, परस्पर प्रेम, भय रहित वातावरण, सभी अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन कर सकें ऐसा वातावरण ही आदर्श राज्य का उदाहरण बना । ऐसा योग्य शासन प्रभु श्री राम ने दिया, इसलिए रामराज्य सभी के लिए आदर्श एवं अनुकरणीय राज्य हो गया। रामराज्य के इसी आदर्श का पालन करने का प्रयास सम्राट विक्रमादित्य, राजा भोज, सम्राट हर्षवर्धन जैसे अनेक राजाओं ने किया । विदेशी आक्रमणों के समय इन्हीं मूल्यों की रक्षा करने के लिए महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज सरीखे शासनकताओं ने अपने प्राण को न्योछावर कर दिया। 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई होल्कर भी इन्हीं शाश्वत मूल्यों का पालन करने वाली महारानी थी। महारानी अहिल्याबाई ने अपने ससुर की मृत्यु के पश्चात 1967 में मालवा राज्य का शासन संभाला। नर्मदा के प्रति भक्ति, व्यावसायिक एवं सामरिकता से उन्होंने अपनी राजधानी नर्मदा के तट पर महेश्वर को बनाया। 28 वर्ष उन्होंने अपनी मृत्यु पर्यन्त यह शासन सत्ता संभाली । किसानों के विकास की योजनाएं , भूमिहीन किसानों को भूमि प्रदान करना, जनजातीय विकास, अपने शासन को अपराध मुक्त करना, रोजगारपरक अर्थनीति, महिला सशक्तिकरण उसके लिए महेश्वरी साड़ी का निर्माण एवं सैनिक कल्याण उनके शासन की विशेषताएँ थीं। 500 महिलाओं की सैनिक टुकड़ी का निर्माण कर एक महिला फौज भी उन्होंने तैयार की थी। महेश्वर साड़ी आज भी उनकी महिला केंद्रित उद्योग नीति को दर्शाती है।प्रजा के प्रति वात्सल्य भाव के कारण उन्हें जनता ने लोकमाता की उपाधि प्रदान की थी। अपने राज्य की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ भारत के सांस्कृतिक उत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है । मालवा राज्य की महारानी होने के बाद भी सांस्कृतिक उत्थान का कार्य उन्होंने आसेतु हिमाचल किया। जो उनकी अखिल भारतीय दृष्टि को प्रकट करता है । सभी धाम , सभी ज्योतिर्लिंग , समस्त शक्ति पीठ सहित असंख्य मंदिरों का निर्माण, नदियों के घाटों का निर्माण, यात्रियों के रुकने के लिए धर्मशालाओं की व्यवस्था यह उनके द्वारा होने वाले अतुलनीय कार्यों की श्रृंखला है। हिमालय में स्थित बद्रीनाथ, केदारनाथ, काशी स्थित भगवान श्री विश्वनाथ, सोमनाथ, द्वारिका, पुरी जगन्नाथ, रामेश्वरम, सभी के पुनर्निर्माण में उनकी भूमिका है। देश भर में उनके द्वारा कराए गए इन कार्यों की संख्या लगभग 12500 से अधिक है। इसका भी वैशिष्ट्य है कि यह कार्य उनको प्राप्त स्वयं की सम्पत्ति से कराया राजकोष से नहीं । संस्कृत पाठशाला का प्रारंभ एवं विद्वानों का सम्मान उनकी शिक्षा के प्रति गहरी रुचि को प्रकट करता है। शिवकामिनी अहिल्याबाई अपने शासन को शिव का शासन मानती थी। इस कारण उनकी शासन मुद्रा पर उनका नाम नहीं अपितु ह्वश्री शंकरः आज्ञे वरुणःह्व अंकित था। वह सर्वस्व त्यागी भाव से प्रजा सेवा ही प्रभु सेवा मानकर अपना शासन चलाती थीं। विदुर नीति में अच्छे राजा का वर्णन करते हुए कहा है जो राजा नेत्र ,मन , वाणी और कर्म इन चारों से प्रजा को प्रसन्न करता है प्रजा उसी से प्रसन्न रहती है। इन्ही गुणों के कारण महारानी अहिल्याबाई होलकर को ह्वपुण्यश्लोकह्व उपाधि से विभूषित किया गया। महारानी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती पर हम सुशासन एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण के केंद्र बनकर विश्वकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध हों। यही लोकमाता अहिल्याबाई के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# धीमा जहर है यह, छोड़ दीजिए

**तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस ह्यअपील का पदार्फाश: तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करनाह्व के ध्येय वाक्य के साथ मनाया जा रहा है। जहां विकासशील देशों में धूम्रपान का प्रचलन बढ़ रहा है, वहीं अमेरिका सरीखे कुछ विकसित देशों में धूम्रपान के प्रचलन में तेजी से गिरावट आई है। 1965 में अमेरिका की 42 फीसदी आबादी धूम्रपान की आदी थी**

### विश्व धूम्रपान निषेध दिवस

**श्वेता गोयल**

बचपन से पढ़ते-सुनते आए हैं कि धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और शरीर में कैंसर व कई अन्य बीमारियों को जन्म देते हैं। बावजूद इसके लोग इस धीमे जहर का प्रयोग छोड़ नहीं पाते। हालात इस कदर खराब हैं कि किशोरवय पीढ़ी धूम्रपान और विभिन्न तंबाकू उत्पादों की चपेट में है। यह स्थिति काफी चिंताजनक होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मन मस्तिष्क में कुछ गलत धारणाएं घर कर गई हैं कि धूम्रपान करने से चुस्ती-फुर्ती आती है। मानसिक तनाव कम होता है। व्यक्तित्व आकर्षक बनता है। कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद ऐसे लोग समझना ही नहीं चाहते कि यह भ्रांति है। ऐसा कुछ नहीं होता। वास्तविकता यह है कि धूम्रपान ऐसा धीमा जहर है, जो सेवन करने वाले व्यक्ति को मौत के मुंह में धकेल देता है। धूम्रपान शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है। तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस ह्यअपील का पदार्फाशः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करनाह्व के ध्येय वाक्य के साथ मनाया जा रहा है। जहां विकासशील देशों में धूम्रपान का प्रचलन बढ़ रहा है, वहीं अमेरिका सरीखे कुछ विकसित देशों में धूम्रपान के प्रचलन में तेजी से गिरावट आई है। 1965 में अमेरिका की 42 फीसदी आबादी धूम्रपान की आदी थी जबकि 1991 में यह संख्या घटकर 26 फीसदी रह गई और पिछले डेढ़ दशक में तो वहां धूम्रपान करने वालों की संख्या में और भी तेजी से गिरावट आई है। गहराई में जाने पर पता चलता है कि अमेरिका में सिगरेट की खपत में लगातार कमी आने की वजह से वहां की सिगरेट कम्पनियों ने अपने घाटे की पूर्ति के लिए अपने उत्पादों को भारत तथा अन्य विकासशील देशों में खपाने की योजना बनाई और उन्हें इस कार्य में सफलता भी मिली। भारत में प्रतिदिन धूम्रपान से मरने वालों की संख्या सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मुकाबले 20 गुना अधिक है। एड्स से देश में जितनी मौतें 10 वर्ष में होती हैं, उतनी मौतें धूम्रपान की वजह से मात्र एक सप्ताह में ही हो जाती हैं। करीब दस प्रतिशत व्यक्ति तो ऐसे होते हैं, जो खुद धूम्रपान नहीं करते लेकिन पैसिव स्मोकिंग के शिकार बनते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो आगामी एक-दो वर्षों तक ही धूम्रपान की वजह से 50 करोड़ से भी ज्यादा लोग मारे जा चुके होंगे और अगले 30 वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या प्रतिवर्ष 10 लाख से बढ़कर 70 लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है प्रतिवर्ष विश्वभर में 8000 से अधिक नवजात शिशु धूम्रपान के कारण असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान करने वालों को धूम्रपान न करने वालों की अपेक्षा फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना 15 गुना अधिक होती है।

एक आकलन है कि सिगरेट के धुएं में करीब 4000 घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जिनमें पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि प्रमुख हैं, जो मानव शरीर पर तरह-तरह से दुष्प्रभाव डालते हैं। धूम्रपान से हृदय रोग, लकवा, हर प्रकार का कैंसर, मोतियाबिंद, नपुंसकता, बांझपन, पेट का अल्सर, एसीडिटी, दमा, ब्रोंकाइटिस, मिरगी, मेनिया, स्कीजोफ्रेनिया जैसे घातक रोगों का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। धूम्रपान से मोतियाबिंद का खतरा बन जाता है और आंख की रेटीना प्रभावित होने लगती है, जिससे नेत्र ज्योति कम होती जाती है। गर्भवती महिलाओं के धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है।

एक अध्ययन के अनुसार प्रतिदिन 20 सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य से 20 प्रतिशत बढ़ जाती है जबकि 20 से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा 35 प्रतिशत तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका 30 प्रतिशत बढ़ जाती है। विभिन्न सर्वेक्षणों में माना गया है कि विकसित देशों में 41 फीसदी पुरुष और 21 फीसदी महिलाएं धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ 8 फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या 50 फीसदी से भी अधिक है।

जहां तक हमारे यहां सिगरेट के पैकेटों पर लिखी वैधानिक चेतावनी का सवाल है तो यह कितनी असरकारक है, इससे कोई अपरिचत नहीं है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार प्रतिदिन एक पैकेट सिगरेट पीने वाला व्यक्ति अपने जीवन के 8 दिन कम कर लेता है, इसलिए सिगरेट के पैकेटों से वर्तमान वैधानिक चेतावनी को हटाकर यह लिख दिया जाना चाहिए कि इस पैकेट के उपयोग से आपके जीवन के 8 दिन कम हो जाएंगे। बहरहाल, तमाम स्वास्थ्य विशेषज्ञों और शोधों का एक स्वर में यही कहना है कि धूम्रपान एक अत्यंत धीमा किन्तु प्राणघातक विष है। इसलिए स्वयं तो धूम्रपान से बचें ही, धूम्रपान के आदी लोगों को भी इस लत को छोड़ने के लिए प्रेरित करें।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रहा है मध्य प्रदेश

**पिछले कुछ समय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश ने कई उपलब्धियों को हासिल किया है। सरकार की अनेक नीतियां और योजनाएं महिलाओं के उत्थान में सहायक सिद्ध हो रही हैं। मध्य प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जा रहा है। वर्तमान में, राज्य में 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 62 लाख महिलाएं जुड़ी हैं।**

**के.के.जोशी**

मध्य प्रदेश देश के हृदय स्थल में बसा एक ऐसा राज्य है जिसने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आज पूरे देश में नई मिसाल कायम कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों को महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बनाया है। स्व-सहायता समूह न केवल ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उनकी स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं। पिछले कुछ समय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश ने कई उपलब्धियों को हासिल किया है। सरकार की अनेक नीतियां और योजनाएं महिलाओं के उत्थान में सहायक सिद्ध हो रही हैं। मध्य प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जा रहा है। वर्तमान में, राज्य में 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 62 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। ये समूह महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, कौशल विकास, और सामुदायिक नेतृत्व के अवसर प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि स्व-सहायता समूह न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी एक जन-आंदोलन है। मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं जिनका प्रभाव राज्य के हर कोने में महसूस किया जा सकता है। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना ने हजारों महिला समूहों को कम ब्याज पर ऋण दिलाकर उनके छोटे-छोटे व्यवसायों को सहारा दिया है। अब महिलाएं न सिर्फ घर चला रही हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं। अब तक 30 हजार 264 महिला समूहों और 12 हजार 685 महिला उद्यमियों को 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान के रूप में 648.67 लाख की राशि वितरित की जा चुकी है।

लाड़ली बहना योजना के तहत हर महीने 1.27 करोड़ बहनों के खाते में 1551.86 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता उनके खातों में पहुंच रही है। इससे न केवल आर्थिक रूप से महिलाओं की स्थिति बेहतर हो रही है बल्कि महिलाएं डिजिटल युग की सहभागी भी बन रही हैं। इस योजना में 1.27 करोड़ महिलाओं को अब तक 35,329 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 25 लाख महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 882 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके परिवारों में बचत को प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में वर्ष 2024-25 में 2 लाख 73 हजार 605 बालिकाओं का पंजीकरण हुआ और लगभग 223 करोड़ रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति यूनि-पे के जरिए वितरित की गई। अब तक कुल 50 लाख 41 हजार 810 बेटियां इस योजना का हिस्सा हैं। वहीं, राज्य सरकार द्वारा नारी शक्ति मिशन के तहत जिला, परियोजना और ग्राम स्तर पर 100 दिवसीय जागरूकता ₹हम होंगे कामयाब अभियान₹ चलाया गया। इसमें प्रदेश में जेंडर संवादों, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, सायबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों की महिलाओं को न केवल जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना भी सिखाया गया। मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 1 लाख से अधिक महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया है। सरकार का लक्ष्य 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित कर रही है। इसके अलावा मध्यप्रदेश में 850 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 275 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है, जिससे महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन मिला है। इसके अलावा, रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्यरत महिलाओं को प्रति माह 5,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिससे उनकी मासिक आय में बढ़ोत्तरी हो रही है। यहां बात यदि नारी सुरक्षा की हो तो राज्य सरकार ने नारी सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता में रखा है। पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाई गई है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। 'महिला हेल्पलाइन' और 'महिला पुलिस स्टेशन' जैसी सेवाओं को भी मजबूत किया गया है। महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को अब 112 आपात सेवा से जोड़ा गया है। वर्ष 2024-25 में लगभग 82 हजार 552 महिलाओं को त्वरित सहायता मिली है। योजना के प्रारंभ से अब तक एक लाख 57 हजार महिलाओं को लाभ मिल चुका है। कहना होगा कि एक मिशन प्रदेश में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर शुरू किया गया। यह मिशन महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। इस मिशन के तहत स्व-सहायता समूहों को स्टार्ट-अप अभियान से जोड़ा गया, जिसमें 8 करोड़ 10 लाख रुपये के निवेश पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के लिए न केवल सशक्तिकरण के अवसर पैदा किए गए हैं, बल्कि अब महिलाएं पारंपरिक घरेलू कार्यों से बाहर निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। आज सैनिटेशन और हाइजीन योजना के तहत प्रदेश की 19 लाख से अधिक बालिकाओं को 57 करोड़ 18 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है जिससे किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा मिला है। यूनिसेफ ने भी मध्यप्रदेश के इन प्रयासों की सराहना की है। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मध्यप्रदेश में महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन समूहों ने न केवल महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की है, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया है। उदाहरण के लिए, स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अब स्थानीय स्तर पर उत्पादक संगठनों के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं। महिलाओं के लिए 35% सरकारी नौकरियों में आरक्षण और निकाय चुनावों में 50% आरक्षण जैसे कदमों ने उनकी भागीदारी को और बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, जेंडर बजट में 19,021 करोड़ रुपये की वृद्धि और महिला सशक्तिकरण के लिए 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान इस दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेते हुए महिला सशक्तिकरण को नया आयाम दिया है। अहिल्या बाई ने महेश्वर से शासन चलाते हुए महिलाओं को साड़ी बुनाई जैसे कौशलों से जोड़ा, जिससे महेश्वरी साड़ियां विश्व प्रसिद्ध हुईं। इसी तरह, डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूहों को उद्यमिता और कौशल विकास से जोड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। यह प्रयास मध्यप्रदेश को नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे कृषि, उद्योग, शिक्षा, चिकित्सा और राजनीति जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ रही है।

**(लेखक, जनसंपर्क विभाग में उप संचालक हैं।)**

# ज्येष्ठ विनायक चतुर्थी व्रत से खुलते हैं सफलता के द्वार

ज्येष्ठ विनायक चतुर्थी है, इस दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व माना गया है। इस दिन कुछ विशेष उपायों को करने से करियर और कारोबार से जुड़ी समस्त परेशानियों से छुटकारा मिल जाता है तो आइए हम आपको ज्येष्ठ विनायक चतुर्थी की पूजा विधि एवं महत्व के बारे में बताते हैं।

प्रत्येक महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को वैनायकी श्री गणेश चतुर्थी मनायी जाती है। 2025 में 30 मई तारीख को वैनायकी चतुर्थी है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विधान है। हमारी संस्कृति में गणेश जी को प्रथम पूजनीय का दर्जा दिया गया है। किसी भी देवी-देवता की पूजा से पहले भगवान श्री गणेश की पूजा का विधान है। पंडितों के अनुसार श्री गणेश को चतुर्थी तिथि का अधिष्ठाता माना गया है। साथ ही इन्हें बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता के रूप में पूजा जाता है। गणेश जी की उपासना शीघ्र फलदायी मानी गयी है और वैनायकी चतुर्थी के दिन गणेश जी के निमित्त व्रत करने से व्यक्ति की समस्त इच्छाओं की पूर्ति होती है।



साथ ही हर तरह के संकटों से छुटकारा मिलता है, ज्ञान की प्राप्ति होती है और धन-संपत्ति में भी बढ़ोतरी होती है। विनायक चतुर्थी के दिन किए जाने वाले कुछ ऐसे उपाय भी हैं जिन्हें करने से करियर से जुड़ी सभी समस्याओं का अंत हो सकता है।

ज्येष्ठ की विनायक चतुर्थी का व्रत आज 30 मई को है। इस बार विनायक चतुर्थी के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। विनायक चतुर्थी तिथि आज 29 मई की रात 11:18 बजे से लेकर 30 मई को रात 9:22 बजे तक है। वहीं सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग सुबह में 05 बजकर 24 मिनट से रात 09 बजकर 29 मिनट तक हैं। ये दोनों ही योग शुभता और सिद्धि प्रदान करने वाले हैं। विनायक चतुर्थी व्रत में गणेश जी की पूजा दोपहर के समय करते हैं। इस विनायक चतुर्थी की पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 10:56 बजे से दोपहर 01:42 बजे तक है। गणेश जी की पूजा के समय विनायक चतुर्थी व्रत कथा जरूर पढ़नी चाहिए। विनायक चतुर्थी की तिथि व मुहूर्त

चतुर्थी तिथि प्रारंभः 29 मई, बुधवार की रात 09:54 बजे

चतुर्थी तिथि समाप्तः 30 मई, गुरुवार की रात 11:20 बजे तक

30 मई को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक का समय विशेष रूप से उत्तम है।

इस दौरान भगवान गणेश की विधिवत पूजा कर उनसे आशीर्वाद लेने से जीवन में आ रही बाधाएं दूर होती हैं और सफलता के मार्ग खुलते हैं।

## सेहत

### बढ़ती उम्र में ब्लड प्रेशर की समस्या पर दें ध्यान

बढ़ती उम्र में ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी कई बीमारियां घेर लेती हैं। हालांकि आजकल कम उम्र में भी लोग इन बीमारियों का शिकार होने लगे हैं। शुगर और बीपी को कंट्रोल करने के लिए दवाओं के साथ ही लाइफस्टाइल और डाइट में भी खास बदलाव करने चाहिए। क्योंकि यह एक ऐसी हेल्थ कंडीशन है, जिसको रिवर्स करना आमतौर पर संभव नहीं होता है। हालांकि दवाओं के सहारे इसे मैनेज किया जा सकता है। अगर हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन की बात करें, तो जब ब्लड का दबाव धमनियों की दीवारों पर बढ़ जाता है। तो हृदय को ब्लड पंप करने के लिए एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ती है। वहीं हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए सही खान-पान और आदतों में बदलाव करना जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाने से आप ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकते हैं।

**लहसुन का करें इस्तेमाल** : हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, लहसुन को डाइट में शामिल करने से भी ब्लड प्रेशर कंट्रोल होता है। यह एंजियोटेंसिन को बाधित करता है, जिससे ब्लड आसानी से फ्लो होता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जिससे हाई बीपी और बैड कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल होता है। आप चाहें तो लहसुन से सब्जियों में तड़का लगा सकती हैं। या फिर खाली पेट 1-2 कली लहसुन का सेवन कर सकते हैं।

**जरूर करें प्राणायाम** : ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में कई प्राणायाम भी मदद करते हैं। इनमें भ्रामरी प्राणायाम और अनुलोम-विलोम शामिल है। इसके अलावा ओम का उच्चारण करें। दरअसल, इन सभी चीजों में कोर्टिसोल स्ट्रेस हार्मोन कम होता है और ब्लड सकुर्लेशन में भी सुधार होता है। प्राणायाम करने से नींद अच्छी आती है और बीपी कंट्रोल होता है।

**वजन कम करें** : हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो बढ़ा हुआ वजन भी हाइपरटेंशन का मुख्य कारण है। इसलिए दिन में कम से कम 30-45 मिनट वॉक करें, जिससे वेट कम हो सके। इससे ब्लड प्रेशन भी कंट्रोल में रहेगा।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## फाटक के समीप दीवार से टकराया गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के नॉर्थ कॉलोनी मालगोदाम के समीप कुलीपाड़ा निवासी आकाश कुमार 22 वर्ष बाइक का संतुलन बिगड़ गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानियों लोगों की मदद से आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया डाक्टर के प्राथमिक उपचार किया।वही घायल आकाश के पिता उदय नारायण को सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचे।जहां उन्होंने बताया कि आकाश कुमार नॉर्थ कॉलोनी से घर आ रहा था।कुलीपाड़ा फाटक के समीप दीवार से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।आकाश के सर एवं कंधा में गंभीर चोट लगी है।

## बाइक का संतुलन बिगड़ गंभीर रूप से घायल

साहिबगंज :नगर थाना क्षेत्र के नॉर्थ कॉलोनी मालगोदाम के समीप कुलीपाड़ा निवासी आकाश कुमार 22 वर्ष बाइक का संतुलन बिगड़ गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानियों लोगों की मदद से आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया डाक्टर के प्राथमिक उपचार किया।वही घायल आकाश के पिता उदय नारायण को सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचे।जहां उन्होंने बताया कि आकाश कुमार नॉर्थ कॉलोनी से घर आ रहा था।कुलीपाड़ा फाटक के समीप दीवार से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।आकाश के सर एवं कंधा में गंभीर चोट लगी है।

## अस्पताल पहुंचे लेकिन इलाज के दौरान सुंदरी की मौत

**साहिबगंज :** गंगा नदी थाना क्षेत्र के गोपालपुर दियारा निवासी सुंदरी देवी 40 वर्षीय पति रामजी चौधरी वह किसी जहरीले सांप ने काट लिया।आनन फानन में स्वजनों ने सुंदरी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार शुरू की लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।स्वजनों ने बताया कि गुरुवार की देर रात सुंदरी देवी नल के पास पानी लेने गई थी। बगल में ही एक छोटा सा नाली था उसमें एक जहरीला सांप था पानी भरने के दौरान जहरीला सांप ने उसे पैर में काट लिया। सुंदरी ने तुरंत इसकी जानकारी अपने स्वजनों को दिया। स्वजन बिना वक्त दवाई इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे लेकिन इलाज के दौरान सुंदरी की मौत हो गई। इधर शुक्रवार को गंगा नदी थाना पुलिस को सूचना मिलते हैं। सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन की।

## जब किसी को भी मौका मिले तो बिना सोचे रक्तदान करें : अजहरूद्दीन

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल में गर्भवती महिला हबीपुरा निवासी बेनजीर को प्रसव के लिए परिजनों ने भर्ती करवाया था। महिला की तबीयत बिगड़ने पर तभी स्वास्थ्य कर्मियों ने परिजनों को जल्द से जल्द ऑपरेशन करने की बात कही और गर्भवती महिला के जांच के दौरान हीमोग्लोबिन 9 ग्राम में पाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने जल्द से जल्द एक यूनिट ब्लड की व्यवस्था करे ।इधर गर्भवती महिला के परिजन परेशान हो गए और इधर-उधर भटकने लगे ब्लड बैंक में भी ए पॉजिटिव ग्रुप नहीं रहने के कारण काफी परेशानी हुई। इसी दौरान मजहर टोला के रहने वाले मोहम्मद अजहरुद्दीन उर्फ गुड्डू को इसकी जानकारी मिली और उनके ग्रुप ए पॉजिटिव ही था। तुरंत गर्भवती महिला के परिजनों से संपर्क साधा और अपना एक यूनिट रक्तदान कर महिला का ऑपरेशन शुरू करवाया। इधर रक्तदान करने वाले मोहम्मद अजहरूद्दीन ने बताया कि किसी ने बताया कि एक गर्भवती महिला की जान पर बनाई गई है और ब्लड बैंक में भी ए पॉजिटिव ग्रुप का ब्लड उपलब्ध नहीं है। मेरा ग्रुप भी ए पॉजिटिव भी था। सूचना मिलने पर मैंने तुरंत रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्थिति में जब भी किसी को भी मौका मिले बिना सोचे रक्तदान करें आपका एक यूनिट रक्तदान से किसी की जान बच सकती है।

## कसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : उपायुक्त



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त आम जनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनके मुद्दों को समझने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।जनता दरबार में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी व्यक्तिगत सामाजिक व प्रशासनिक समस्याओं को लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का समाधान नियमानुसार शीघ्रता से किया जाएगा।इस अवसर पर उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रशासन जनता के साथ खड़ा है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दो स्कूलों में नामांकित बच्चों की संख्या 10000 तक पहुंच सकती है

**मेदिनीनगर :** सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा पहली से 12वीं तक में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए नई योजना के तहत ऑटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्टर (अपार) आईडी बनाया जा रहा है। 12 अंकीय इस कोड बनाए जान से एक बच्चे का दो स्कूलों में नामांकन पकड़ा जा रहा है। हालांकि पलामू जिला शिक्षा विभाग के पास अभी तक यह आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि जिले में कितने बच्चों का एक से अधिक स्कूलों में नामांकन है। परंतु प्रारंभिक स्तर पर अभी 400 से अधिक बच्चे चिह्नित हुए है, यह संख्या करीब 10 हजार तक पहुंच सकती है। अपार आईडी किसी एक ही स्कूल से बनेगा, इससे दो या अधिक जगह नामांकित और सरकारी योजना का लाभ उठा रहे बच्चे चिह्नित हो जाएंगे।

समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीओ संजय कापरी ने बताया कि पलामू जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपार आर्ड बनाने बनाने काम अक्तूबर-नवंबर माह से शुरू हुआ है। जिले में सरकारी और निजी स्कूलों की कुल संख्या 2906 है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2,13,973 बच्चों का अपार आईडी विभिन्न स्कूलों ने बनाया है। चालू वित्त वर्ष में अब तक 18,464 बच्चों का ही अपार आईडी बना है। जिले में एक से दो प्रतिशत ऐसे बच्चे हैं, जिनका नामांकन सरकारी स्कूल के अलावा प्राईवेट स्कूलों में भी है। अभिभावकों को एक जगह पर बच्चों का नाम कटवाना होगा, तब ही अपार आर्ड बच्चों का जनरेट हो पाएगा। अपार आईडी कार्ड से कई फायदे हैं। पलामू जिले के विभिन्न स्कूलों में नामांकित कुल 4,59, 818 बच्चों में अभी तक 2,32,437 बच्चों का अपार आइडी बन सका है। एडीपीआरओ ने बताया कि सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली से 12वीं कक्षा तक के छात्रों की जानकारी अब सिर्फ एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। इसके अलावा अगर किसी छात्र की मार्कशीट या अन्य शैक्षणिक दस्तावेज खो जाएगा तब भी डीजी लॉकर से वह अपना प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकता है।

# मिर्जाचौकी गांव के स्थानीय लोग सड़क की गंभीर समस्या वर्षों से जूझ रहे हैं

### उपायुक्त को लिखा पत्र

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** प्रखंड के दुर्गा सोरेन उज्जवल भगत ने साहिबगंज उपायुक्त को पत्र लिख कर मिजाचौकी गांव में खराब सड़क एवं जल निकासी की समस्या दूर करने कि मांग कि और पत्र कि कॉपी मुख्या सचिव रांची उप विकास आयुक्त साहिबगंज,प्रखंड विकास पदाधिकारी साहिबगंज पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल को भी भेजा है।उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड अंतर्गत महादेवरण पंचायत के मिजाचौकी गांव के स्थानीय लोग सड़क कि गंभीर समस्या वर्षों से जूझ रहे हैं।मिजाचौकी गांव,जिसकी आसपास की जनसंख्या लगभग 1.5 लाख है,जहाँ से हजारों लोग प्रतिदिन मिजाचौकी रेलवे स्टेशन की ओर



आवागमन करते हैं।परंतु विगत लगभग 12 वर्षों से गांव की सड़कों की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है।सड़कें पूरी तरह से टूटी-फूटी हैं,उन पर जलजमाव हो जाता है,जिससे कीचड़ और गंदगी फैल जाती है।इसके अतिरिक्त नालियों की हालत भी अत्यंत खराब है।नालियों का पानी अक्सर ओवरफ्लो होकर लोगों दुकानों और घरों के अंदर तक चला जाता है,जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की प्रबल संभावना बनी रहती है। बताया कि गांव में सभी समुदायों के लोग निवास करते हैं और सभी को इस समस्या के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।इन लोगो ने बताया कि इस संबंध मे ग्रामीणों के द्वारा कई बार स्थानीय स्तर पर शिकायत की, परंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों ने उपायुक्त से जल्द से जल्द समस्या दूर करने कि मांग कि है।

## 25 केवीएस का ट्रांसफार्मर का हुआ विधिवत उद्घाटन



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बड़हरवा :** प्रखंड के सातगाछी पंचायत के कुसमी ग्राम में कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब था।जब इसकी जानकारी ग्रामीणों ने बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास को दी तो उन्होंने पाकुड़ विधायक निशात आलम को दूरभाष के माध्यम से ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी दी।वही पाकुड़ विधायक निशात आलम ने विजली विभाग के संबंधित पदाधिकारी को कुसमी ग्राम में ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। जबकि 25 केवीएस का ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन बरहरवा प्रखंड २० सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने फीता काट कर किया.वही ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए पाकुड़ विधायक निशात आलम व अशोक दास को धन्यवाद दिया.मौके पर तोहुर आलम तारिकूल इस्लाम सिराज,सफीकुल आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने किया अस्पताल का निरीक्षण

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने अस्पताल ले निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल के जांच घर, मातृ शिशु अस्पताल, सर्जरी,अल्ट्रासाउंड, फामेर्सी, ऑपरेशन कक्ष, एसएनसीयू कक्ष, चाइल्ड वार्ड, मेडिसिन वार्ड, आईसीयू, ओपीडी और अन्य संबंधित विभागों का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर फीडबैक प्राप्त किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री सिन्हा ने सिविल सर्जन को मरीजों के परिजनों के बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, गर्मी को देखते हुए पंखा भी लगवाए। उपायुक्त श्री सिन्हा ने शिशु सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इलाज की प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की। अस्पताल के निरीक्षण के क्रम में



उपायुक्त ने ओपीडी संचालन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में विभागवार डॉक्टरों की संख्या एवं उपस्थिति की समीक्षा की।। उन्होंने चिकित्सकों से मरीजों के बेहतर ढंग से इलाज करने के निर्देश भी दिए। अस्पताल प्रबंधक को पूरे अस्पताल की रूप रेखा मैप के माध्यम से दशार्ने का निर्देश दिया। कहा कि पूरे अस्पताल परिसर में माइकिंग सिस्टम अधिष्ठापित करें ताकि कोई जानकारी सभी लोगों से साथ साझा की जा सके। इमरजेंसी वार्ड पहुंचने के लिए बड़े साइनेज लगवाए ताकि समय बचाते हुए मरीज को सीधा इमरजेंसी वार्ड में लाया जा सके। जहां तक एम्बुलेंस पहुंचती है उस जगह पर पांच ट्राली और व्हील चेयर हर समय मौजूद रहे। फामेर्सी में दवा की उपलब्धता हमेशा रहे यह सुनिश्चित कर लें। जीवन रक्षक दवाई की विशेष व्यवस्था रहे।
इस दौरान जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार पीजेएमसीएच के अधीक्षक, सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह विभिन्न वार्ड के चिकित्सक आदि उपस्थित थे।

## सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि मंडल ने किया उपायुक्त से शिष्टाचार मुलाकात

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** उपायुक्त दुमका के कार्यालय कक्ष में सिविल सोसायटी,दुमका का एक प्रतिनिधि मंडल दुमका उपायुक्त अभिजीत सिन्हा से शुक्रवार को शिष्टाचार मुलाकात कर दुमका की जन समस्याओं के निदान करने की अपील की। उपायुक्त को सर्वप्रथम पौधा और पुष्पगुच्छ देकर बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दीं और विस्तृत चर्चा में रक्त अधिकोष भवन को फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में शिप्ट करने और अस्पताल की अन्य



समस्याओं के साथ दुमका टीन बाजार में भारतरत्न कपूर्री ठाकुर जी के प्रतिमा स्थल के समीप व्याप्त गंदगी को दूर करते हुए वहां नगर परिषद द्वारा बने प्याऊ को डिमोलिस कर सौंदर्यीकरण कर सुसज्जित करने की अपील की।प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम केशरी,सचिव संदीप कुमार जय बमबम,कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीनारायण साह शामिल थे।

## आमजनों की समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता में सबसे ऊपर : उपायुक्त

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जिले के विभिन्न प्रखंड से जनता दरबार में आए आमजनों की समस्याओं को सुना।उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द नियमानुसार तरीके से निष्पादित करने का निर्देश दिया।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को उपायुक्त जनता दरबार के माध्यम



से आमजनों से मिलते हैं।उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निदेशित भी करते हैं।

# अमर जवान ज्योति स्थल निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर उसे भी अगली डीटीपीसी बैठक में रखे : उपायुक्त

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला कार्यालय प्रकोष्ठ में खेल एवं पर्यटन विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कई अहम निर्देश जारी किए। वर्तमान में जिले में एक आवासीय बालक दो डे-बोर्डिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र संचालित हैं। उपायुक्त ने अतिरिक्त डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र की आवश्यकता को देखते हुए पुनः विभाग को पत्राचार करने का निर्देश दिया।बैडमिंटन खेल के उन्नयन हेतु साहिबगंज में आवासीय प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव भेजने का आदेश भी दिया गया। इसके साथ ही साहिबगंज व राजमहल अनुमंडल में खेल बैंक की स्थापना के बाद प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु विभाग को पत्राचार का निर्देश जारी



किया गया। सिद्धो-कान्हू स्टेडियम, साहेबगंज के गैलरी विस्तार हेतु विभाग से पुनः पत्राचार करने तथा माघी मेला की राशि की मांग को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण व उन्नयन के लिए अनाबद्ध निधि की मांग को आगामी जिला पर्यटन प्रोत्साहन समिति की बैठक में रखने और विभाग को प्रस्ताव भेजने को कहा और स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद सैनिकों की स्मृति में साहेबगंज मुख्यालय में अमर जवान ज्योति स्थल निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर उसे भी अगली डीटीपीसी बैठक में रखने का निर्देश दिया गया।इसके अतिरिक्त ओझा टोली घाट साहीबगंज व गंगा घाट राजमहल पर रिवर फ्रंट विकास हेतु उपयुक्त काउंसल्टेंसी एजेंसी से संपर्क स्थापित कर प्रस्ताव तैयार करने का आदेश भी दिया गया।बैठक में जिला खेल पदाधिकारी पंकज झा समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फ्रेंच ओपन 2025: स्वियातेक चौथे राउंड में पहुंचीं राइबाकिना और पाओलिनी ने भी किया शानदार प्रदर्शन

एजेंसी

**पेरिस :** मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन 2025 के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है। पोलैंड की पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने शुक्रवार को रोमानिया की जैक्वेलिन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। छठे दिन पेरिस की गर्मी ने खिलाड़ियों की परीक्षा जरूर ली, लेकिन स्वियातेक ने पहले सेट में बेहतरीन खेल दिखाते हुए दो ब्रेक की मदद से 6-2 से जीत हासिल की। उन्होंने इस सेट के बाद खुद को बर्फीले टॉवल से ठंडक पहुंचाई और पूरी तरह से तैयार दिखीं। दूसरे सेट में क्रिस्टियन ने बेहतरीन टक्कर दी और 4-4 की बराबरी तक मैच को ले गईं। कोर्ट सुसान लैंग्लेन पर खेला



गया यह मुकाबला दोनों खिलाड़ियों के दमदार शॉट्स से भरपूर रहा। स्वियातेक ने 12वें गेम में तीन ड्यूस के बाद अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए सेट और मैच दोनों अपने नाम किया।

स्वियातेक ने कहा, ‌मैं खुश हूं कि आखिरी गेम में मैं बेहद सॉलिड रही और कोई फ्री पॉइंट नहीं दिया। यह एक शानदार मुकाबला था और हम दोनों ने अच्छा खेल दिखाया।

### राइबाकिना की दमदार जीत

कजाखस्तान की 12वीं वरीय एलेना राइबाकिना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-2 से हराया। क्ले कोर्ट पर राइबाकिना की यह जीत उनके बेहतरीन फॉर्म का संकेत है। उन्होंने पहले ही मैच प्वाइंट पर फोरहैंड विनर के साथ मुकाबला समाप्त कर दिया।

### पाओलिनी ने सीधे सेटों में मारी बाजी

इटली की चौथी वरीय जैस्मिन पाओलिनी ने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुब्त्सेवा को आसानी से सीधे सेटों में हराया। पिछले साल की फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट पाओलिनी अपने अगले मुकाबले में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना या अमेरिका की बनार्डा पेरा से भिड़ेंगी।

# वर्ल्ड बॉक्सिंग: सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बॉक्सरों के लिए अनिवार्य होगी जेंडर टेस्टिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली :** वर्ल्ड बॉक्सिंग ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह अपने सभी टूनार्मेंट्स में भाग लेने वाले पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य जेंडर टेस्टिंग (लिंग परीक्षण) लागू करेगा। अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग महासंघ ने यह फैसला उस विवाद के बाद लिया है, जो पिछले साल पेरिस ओलंपिक में अल्जीरिया की महिला गोल्ड मेडलिस्ट इमान खलीफ समेत कुछ खिलाड़ियों को लेकर हुआ था। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने कहा कि उसने अल्जीरियाई बॉक्सिंग फेडरेशन को सूचित कर दिया है कि अगर इमाने खलीफ नीदरलैंड्स में 5 से 10 जून के बीच होने वाले आइंधोवन बॉक्स कप में हिस्सा लेना चाहती हैं, तो उन्हें पहले लिंग परीक्षण से गुजरना होगा। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने



अपने बयान में कहा,वर्ल्ड बॉक्सिंग ने अल्जीरियाई बॉक्सिंग फेडरेशन को पत्र लिखकर सूचित किया है कि इमान खलीफ को तब तक महिला वर्ग में आइंधोवन बॉक्स कप या किसी भी वर्ल्ड बॉक्सिंग इवेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक वह जेंडर टेस्ट नहीं करवा लेतीं। गौरतलब है कि वर्ल्ड बॉक्सिंग 2028 में लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा।

# भरत अरुण श्रीलंका में चलाएंगे तेज गेंदबाजों के लिए दो हफ्ते का स्पेशल कोचिंग कैंप

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण अब श्रीलंका के शीर्ष क्रिकेटरों को ट्रेनिंग देने वाले भारतीय कोचों की श्रृंखला में नया नाम बन गए हैं। वे 2 जून से शुरू होने वाले 14 दिन के विशेष कोचिंग प्रोग्राम का संचालन करेंगे, जिसका उद्देश्य श्रीलंका के जूनियर और सीनियर स्क्वॉड्स के तेज गेंदबाजों के स्तर को ऊंचा उठाना है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में बताया कि यह प्रोग्राम हाई परफॉर्मेंस सेंटर में आयोजित किया जाएगा और इसका नेतृत्व भरत अरुण करेंगे, जो 2014 से 2021 तक भारतीय पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच रह चुके हैं। पहले भी भारतीय कोचों ने निभाई अहम भूमिका

इससे पहले मई में भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर ने



श्रीलंका में 10 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया था। वहीं पिछले साल राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर जुबिन भरूचा ने भी श्रीलंका में एक शॉर्ट बैटिंग कोचिंग प्रोग्राम का संचालन किया था। ये सभी पहल सनथ जयसूर्या के मुख्य कोच कार्यकाल के दौरान हुई हैं।

### भरत अरुण किन-किन टीमों के साथ काम करेंगे?

एसएलसी के मुताबिक भरत अरुण, श्रीलंका की राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीम, महिला 'ए' टीम, अंडर-19 पुरुष टीम, और हाई परफॉर्मेंस सेंटर के कोचों, क्लब व प्रांतीय कोचों, और कोच-एजुकेटर्स के साथ काम करेंगे। वे रेड-बॉल और व्हाइट-बॉल पुरुष टीमों के साथ अलग-अलग रणनीतिक सेशन, तेज गेंदबाजों के लिए तकनीकी और कौशल आधारित ट्रेनिंग, वीडियो व प्रदर्शन विश्लेषण सत्र, और मैच सिचुएशन आधारित गेम समझ विकसित करने वाली गतिविधियाँ संचालित करेंगे।

### श्रीलंका टीम का फिलहाल हल्का शेड्यूल

फिलहाल श्रीलंका पुरुष टीम का इंटरनेशनल शेड्यूल बेहद हल्का है। अगले मई तक उन्हें केवल दो टेस्ट मैच खेलने हैं और वे इस साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर पाए हैं।



# रणवीर इलाहाबादिया मामले पर विद्युत ने दी प्रतिक्रिया

समय रैना और रणवीर इलाहाबादिया का विवादित टिप्पणी का मामला अभी सुर्खियों में है। इस मामले पर कई बॉलीवुड सितारों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अब इस मामले पर एक्शन हीरो विद्युत जामवाल ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की है और इसमें उन्होंने कहा है कि विनाश काले विपरीत बुद्धि। उन्होंने आगे कहा है कि ये पैगाम मेरे फैंस के लिए है। मैं कुंभ से वापस आ चुका हूं। मैं इसकी सभी फोटो और वीडियो कल अपलोड करूंगा। ये बहुत अच्छी हैं।

### जव विनाश का समय आता है तो बुद्धि पलट जाती है

विद्युत जामवाल ने विवादित टिप्पणी मामले के बारे में कहा मैंने रणवीर इलाहाबादिया के विवाद के बारे में सुना और इस पर मेरी पहली प्रतिक्रिया है विनाश काले विपरीत बुद्धि। ये मुर्खता थी। लेकिन दोपहर से मैं सोच रहा हूं कि उन्होंने बहुत बड़ी गलती की है और लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। लोग उनके करियर को खत्म करना चाहते हैं और हंस रहे हैं।

### माफ करने से दिमाग साफ होता है

विद्युत ने वीडियो में कहा है कि लोग कह रहे हैं कि एक गलती की वजह से किसी व्यक्ति को जिंदगीभर पछताना पड़ सकता है। मैं कहता हूं ठीक है, लेकिन ये बताइए कि रणवीर के पोडकास्ट में कौन था। विद्युत ने कहा कि अपना दिमाग साफ रखने के लिए आपको करुणा, दया, और माफ करना सीखना चाहिए। हम ये कब कर सकते हैं? विद्युत ने अपने फैंस से पूछा है कि हमें उन्हें माफ करना चाहिए या नहीं? हमारे पास माफ करने की ताकत है। हम बड़े पापियों को भी माफ कर देते हैं। आप क्या सोचते हैं? हमे आपसे प्यार है।

### क्या है पूरा मामला?

आपको बता दें कि रणवीर इलाहाबादिया ने इंडियाज गॉट लैटेंट शो में एक प्रतियोगी से उसके मां-बाप के बारे में अभद्र सवाल पूछे थे। इस पर लोगों ने नाराजगी जाहिर की। रणवीर ने इस मामले पर लोगों से माफी मांगी है। कई सितारों ने इस मामले के लिए रणवीर के खिलाफ कार्रवाई की बात कही तो कई सितारे ऐसे हैं, जिन्होंने कहा है कि रणवीर माफ कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में मुंबई पुलिस जांच कर रही है।

# अनन्या पांडे के भाई ने बॉलीवुड में फिल्म 'सैय्यारा' से किया डेब्यू



दर्शकों की दिलचस्पी न सिर्फ उनके पसंदीदा सितारों में होती है, बल्कि उनके परिवार के सदस्यों को लेकर भी रहती है। अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या इन सितारों के बच्चे भी अभिनय की दुनिया में कदम रखेंगे। हाल ही में कई स्टार किड्स बॉलीवुड में एंट्री कर चुके। इब्राहिम अली खान और राशा थडानी के बाद अब एक और नाम इस सूची में जुड़ गया है। बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे ने भी अब एक्टिंग करियर की शुरूआत कर दी है और फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर लिया है।

अनन्या पांडे की तरह उनके चचेरे भाई अहान पांडे को लेकर भी लंबे समय से चर्चा थी कि वह बॉलीवुड में एंट्री करने वाले हैं। अब इन अफवाहों पर विराम लग चुका है, क्योंकि उनकी डेब्यू फिल्म 'सैय्यारा' का टीजर हाल ही में जारी कर दिया गया है। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर जबरदस्त हलचल देखी जा रही है। 'सैय्यारा' में अहान पांडे के साथ अनित पड्डा मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जिन्हें 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' वेब सीरीज में भी देखा गया है। यह फिल्म एक दिलचस्प प्रेम कहानी पर आधारित है, जिसे मोहित सूरी निर्देशित कर रहे हैं और इसके निमार्ता अक्षय विधानी हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है।

यशराज फिल्म्स और निर्देशक मोहित सूरी पहली बार एक नई फिल्म के लिए एक साथ आए हैं और यह फिल्म 18 जुलाई को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है। मोहित सूरी इससे पहले 'आशिकी 2', 'मलंग' और 'एक विलेन' जैसी सफल फिल्में दे चुके हैं, इसलिए दर्शकों में उनके आगामी प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि अहान पांडे अपनी इस नई फिल्म के साथ दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ पाते हैं या नहीं।

अहान पांडे, बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे के छोटे भाई चिक्की पांडे उर्फ शरद पांडे के बेटे हैं। चिक्की पांडे भी मुंबई की जानी-मानी हस्तियों में शुमार हैं। अहान काफी समय से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की तैयारी कर रहे थे और इसके लिए उन्होंने निर्देशक आदित्य चोपड़ा से बाकायदा प्रशिक्षण भी लिया है। अभिनय की शुरूआत करने से पहले अहान ने यशराज बैनर की वेब सीरीज 'द रेलवे मैन' में बतौर सहायक निर्देशक काम किया था। अब जब उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है, तो उनके डेब्यू को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है और माना जा रहा है कि उनका यह आगाज बेहद खास और प्रभावशाली होगा।

# अश्विनी की फिल्म में नजर आएंगी सोनाक्षी सिन्हा



नि ल बटे सन्नाटा, बरेली की बर्फी और पंगा जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाले अश्विनी अय्यर तिवारी ने अपने लिए एक अलग ग्राफ सेट किया है। उन्होंने इमोशनल कहानियों के साथ अपनी एक अलग पहचान बनाई। अब वे एक नए ड्रामा से वापसी करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में वो सोनाक्षी सिन्हा और ज्योतिका को कास्ट करने वाली हैं। सोनाक्षी को हीरामंडी में से शेड वाले कैरेक्टर के लिए काफी तारीफ मिली थी। इस प्रोजेक्ट को कोर्टरूम ड्रामा बताया जा रहा है और इस फिल्म को डिजिटल प्लेटफार्म पर रिलीज किया जाएगा। इसकी शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होने वाली है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म पर पिछले दो सालों से काम चल रहा है। शुरुआत में इसे करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी को आफर किया गया था। हालांकि, उनके साथ बात नहीं बनीं जिसकी वजह से फिल्म में देरी हुई। अब सोनाक्षी और ज्योतिका के साथ ये फिल्म बनाई जा रही है। यह सोनाक्षी की पहली लीगल ड्रामा है। फिल्म में सोनाक्षी के अलावा ज्योतिका भी लीड रोल में हैं।

# कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है



अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी आगामी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। रकुल ने अब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है, इसमें मोटिवेशन कोट लिखा है। रकुल ने पोस्ट में लिखा कि हमारा कंफर्ट जोन हमें अच्छा तो लगता है लेकिन ये हमें आगे नहीं बढ़ने देता है।

### कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है

अभिनेता रकुल प्रीत सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने मन के विचार साझा किए हैं। उन्होंने पोस्ट किया– आपका कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है। यह बहुत अच्छी जगह है लेकिन यह आपको प्रगति नहीं करने देता। रकुल प्रीत सिंह की पोस्ट को फैंस ने बहुत पसंद किया है। कैप्शन में रकुल ने लिखा कि जो है, सो है।

### हिंदी फिल्मों में करना था काम

रकुल प्रीत ने एक इंटरव्यू में कहा था की बचपन से उनका सपना हिंदी फिल्मों में ही करियर बनाना था। उनका साउथ में काम करना एक खूबसूरत इत्तेफाक है। साउथ सिनेमा में अपना परचम लहराने के बाद रकुल ने 2014 में फिल्म यारियां से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

रकुल प्रीत सिंह, अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी फिल्म 21 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को बड़े पर्दे के साथ ओटीटी पर भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। वे इससे पहले पति पत्नी और वो, हैप्पी भाग जाएगी और खेल खेल में जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। रकुल प्रीत सिंह दे दे प्यार दे 2, इंडियन 3 जैसी आगामी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।



# कार्तिक के लिए साउथ से इम्पोर्ट हुई हीरोइन

हिंदी सिनेमा के चोटी के सितारों में गिने जाते रहे अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म ‘चंदू चैंपियन’ के बॉक्स ऑफिस पर सुपर फ्लॉप होने के बाद से हालत खस्ता है। उनके पास ले देकर गिनती की बस दो फिल्में हैं। फिल्म ‘भूल भुलैया 3’ के सुपरहिट होने के बाद भी उनके पास नई फिल्मों के प्रस्ताव न आने का मामला भी काफी रोचक रहा है। राजश्री प्रोडक्शन्स की फिल्म से बाहर होने के बाद से कार्तिक आर्यन को उनकी नई फिल्मों के लिए हीरोइन मिलने का संकट भी रहा है।

अब पता चला है कि उनकी अनुराग बसु के निर्देशन में बन रही फिल्म के लिए साउथ की उस हीरोइन को फाइनल किया गया है जिसने फिल्म ‘पुष्पा 2’ में आइटम डांस किया है। इस हीरोइन का नाम है श्री लीला। अमेरिका की रहने वाली श्री लीला की एक फिल्म ‘उस्ताद भगत सिंह’ आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ निर्माणाधीन है। इसके अलावा वह फिल्म ‘रॉबिनहुड’ भी कर रही हैं। हिंदी सिनेमा में श्री लीला की चर्चा सबसे पहले ‘छावा’ के निर्माता दिनेश विजन की फिल्म ‘दिलेर’ की हीरोइन बनने के समय हुई। ये फिल्म सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम की डेब्यू फिल्म होनी थी, लेकिन फिल्म ट्रेड में फिल्म के गर्म न हो पाने पर इब्राहिम का डेब्यू अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही करण जौहर की फिल्म ‘नादानियां’ से होगा।

श्री लीला का नाम कार्तिक आर्यन की नई हीरोइन के लिए उस फिल्म के लिए भी करीब करीब फाइनल हो चुका है जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं और जिसकी हीरोइन पहले तृप्ति डिमरी थीं। अनुराग की फिल्म की शूटिंग अगले महीने से शुरू होने जा रही है। ये एक म्यूजिकल फिल्म होगी, जिसका संगीत प्रीतम तैयार कर चुके हैं। फिल्म ‘भूल भुलैया 3’ के समय अपने साथ किए गए व्यवहार को लेकर तृप्ति ने ही कार्तिक के साथ काम करने से मना किया है। हिंदी सिनेमा की स्थापित हीरोइनों में से तमाम दूसरी हीरोइन भी कार्तिक के साथ काम करने की अनिच्छा प्रकट कर चुकी हैं। इसी के चलते धर्मा प्रोडक्शंस के साथ बन रही उनकी अगली फिल्म में अनन्या पांडे को हीरोइन बनाया गया है।



# मप्र : राजधानी समेत 21 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट, 50 किलोमीटर रहेगी हवा की रफ्तार

एजेंसी




**भोपाल :** मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है, मई के महीने में बारिश का दौर देखने को मिल रहा है। नौतपा के सातवें दिन शनिवार को भी प्रदेश में तेज आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने राजधानी भोपाल समेत 21 से ज्यादा जिलों में अलर्ट जारी किया है। इधर, शनिवार को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भोपाल आए हैं। उनके कार्यक्रम और बारिश के अलर्ट के चलते पांडाल के आसपास सीवेज सिस्टम बनाया गया है। ताकि, बारिश होती है तो पानी पांडाल में न पहुंचे। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में शनिवार को बारिश और आंधी की एक्टिविटी रहेगी। ऐसा ही मौसम 3 जून तक रहेगा। हालांकि, तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। रात में पारा बढ़ सकता है, लेकिन कहीं भी हीट वेव का अलर्ट नहीं है। आज शनिवार को जिन जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है, उनमें भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन, मुरैना, भिंड, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, मैहर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली शामिल हैं। यहां 50 किलोमीटर रफ्तार से हवाएं चलेंगी। प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को भी मौसम बदला रहा। नौतपा के लगातार छठवें दिन प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर रहा। छतरपुर के खजुराहो में आधा इंच से ज्यादा पानी गिर गया तो गुना, रीवा, अशोकनगर, रायसेन में भी शाम को बारिश हुई। रायसेन में तो तेज बारिश होने से सड़कों पर पानी भर गया। भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे। इधर, कई जिलों में दिन के तापमान में गिरावट आयी है। ग्वालियर सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा रीवा में 40.6 डिग्री, टीकमगढ़ में 40.5 डिग्री, सतना-सीधी में 40.4 डिग्री, खजुराहो में 40.3 डिग्री, पचमढ़ी में 28.2 डिग्री, शिवपुरी में 29 डिग्री, छिंदवाड़ा में 32 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 36.6 डिग्री, इंदौर में 34.3 डिग्री, उज्जैन में 36.5 डिग्री और जबलपुर में 38 डिग्री सेल्सियस रहा।

## हिमाचल प्रदेश में चार जून तक आंधी-बारिश का ओरेंज व येलो अलर्ट

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में गर्मियों के इस सीजन में बादल खुलकर बरस रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से राज्य में अच्छी वर्षा हो रही है। हालांकि शनिवार को राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ बना हुआ है। लेकिन मौसम विभाग ने आगामी चार दिन दोबारा से बारिश व आंधी का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक 31 मई से चार जून तक प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इसके साथ ही 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान किसानों और आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूवार्नुमान के अनुसार 31 मई से लेकर चार जून तक प्रदेश में मौसम काफी अस्थिर रहेगा। इस अवधि में भारी बारिश के साथ तेज आंधी और बिजली गिरने की घटनाएं संभावित हैं। 31 मई (शनिवार), 1 जून (रविवार) और 2 जून (सोमवार) को अधिकांश जिलों में भारी वर्षा के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनकी गति 50 से 60 किमी प्रति घंटे तक रहने की संभावना है। इन तीन दिनों के दौरान ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके तहत ह्यफेयरली वाइडस्प्रेड रेनफॉलह्ण (ऋहर) की स्थिति बनी रहेगी यानी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में वर्षा की गतिविधियां होंगी। इन दिनों आकाशीय बिजली गिरने का खतरा भी अधिक रहेगा। ऐसे में मौसम विभाग ने लोगों को खुले स्थानों पर न रहने और पेड़ या बिजली के खंभों से दूर रहने की हिदायत दी है। तीन व चार जून को येलो अलर्ट जारी किया गया है। तीन जून को भी तेज हवाएं और गरज-चमक के साथ बारिश के आसार बने रहेंगे। हालांकि भारी बारिश की संभावना इस दिन नहीं जताई गई है। चार जून को वर्षा की तीव्रता कुछ कम हो सकती है, लेकिन गरज-चमक और आंधी का दौर जारी रहेगा। इस दिन हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटा रहने की संभावना है।

# पाकिस्तान के पूर्व चीफ जस्टिस ख्वाजा ने नागरिक सैन्य मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती दी

एजेंसी



**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जवाद एस. ख्वाजा ने सुप्रीम कोर्ट में एक समीक्षा याचिका दायर की है। इसमें सैन्य अदालतों में नागरिकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देने वाले सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले को चुनौती दी गई है। समीक्षा याचिका में सात सदस्यीय संवैधानिक पीठ के फैसले को चुनौती दी गई है। सात सदस्यीय संवैधानिक पीठ सात मई, 2025 को पांच सदस्यीय पीठ के फैसले को पलट चुकी है। पांच सदस्यीय पीठ ने सेना अधिनियम की धारा 2 (1) (डी) और 59(4) को असंवैधानिक घोषित किया था। इस पीठ ने फैसला सुनाया था कि 09 और 10 मई के दंगों के संदिग्धों पर सैन्य अदालतों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

दुनिया न्यूज की खबर के अनुसार, पूर्व सीजेपी ख्वाजा ने समीक्षा याचिका में तर्क दिया कि न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर और न्यायमूर्ति आयशा मलिक लिखित पांच सदस्यीय पीठ का फैसला संवैधानिक रूप से सही था और इसे बहाल किया जाना जरूरी है। उन्होंने संघीय और सभी चार प्रांतीय सरकारों को प्रतिवादी के रूप में नामित किया है। उन्होंने दावा किया कि संवैधानिक पीठ का एफबी अली, जिला बार एसोसिएशन और शहीदा जाहिद अब्बासी जैसे पहले के मामलों पर भरोसा गलत था। पीठ के विरोधाभासी तर्क, जिसमें सैन्य अदालतों में स्वतंत्रता का अभाव माना गया, जबकि संसद को अपील के अधिकार के लिए कानून बनाने का निर्देश दिया गया, ने निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार को कमजोर किया। ख्वाजा ने समीक्षा याचिका में इस बात पर भी जोर दिया कि संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाले कानूनों को निरस्त करना न्यायालयों का मौलिक कर्तव्य है और वे इस जिम्मेदारी को संसद को नहीं सौंप सकते। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पीठ के सात न्यायाधीशों में से दो ने असहमति जताई थी, जो मूल दृष्टिकोण से मेल खाता है कि नागरिकों पर सैन्य परीक्षण नहीं किए जा सकते। समीक्षा याचिका में चेतावनी दी गई है कि इस तरह के परीक्षणों की अनुमति देने से यह धारणा बनती है कि सर्वोच्च न्यायालय ने कार्यपालिका के अधीन एक अधीनस्थ भूमिका स्वीकार कर ली है, जिसमें कहा गया है, ₹यदि सैन्य परीक्षण वास्तव में स्वतंत्र और संवैधानिक हैं, तो संपूर्ण नागरिक न्यायिक प्रणाली को कार्यपालिका को सौंप दिया जाना चाहिए।₹ ख्वाजा ने अनुरोध किया कि सात मई के फैसले को खारिज कर दिया जाए और पांच सदस्यीय पीठ के फैसले को बहाल किया जाए।

## पाकिस्तान में जज के सुरक्षा काफिले पर हमला, सिपाही की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के टांडो मस्ती थाना क्षेत्र में जज के सुरक्षा काफिले पर हुए हमले में सिपाही की जान चली गई। इस हमले में दो अन्य पुलिस कर्मचारी गोली लगने से घायल हो गए। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने हमले की निंदा करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई है। दुनिया न्यूज की खबर के अनुसार, हमलावारों ने लरकाना-खैरपुर रोड पर सत्र न्यायाधीश के सुरक्षा काफिले को कल शाम निशाना बनाया। अज्ञात हमलावरों की भीषण गोलीबारी में सुक्कुर से लरकाना जा रहे सत्र न्यायाधीश सिमकन अहमद के सुरक्षा काफिले में तैनात कांस्टेबल मकबूल शेख की मौके पर मौत हो गई। गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी इकबाल मिलानो और सगीर अहमद घायल हो गए। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने हमले में आतंकवादियों के शामिल होने की संभावना जताई है।

## पालमपुर राम मंदिर संकल्प की पवित्र भूमि संकल्प स्थल पर बने स्मारक : शान्ता कुमार

एजेंसी



**पालमपुर :** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश विशेषकर पालमपुर की जनता बधाई की पात्र है। उनका यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते शुक्रवार को एक जनसभा में दिए गए उस वक्तव्य के बाद आया जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लहिमाचल प्रदेश का पालमपुर राम मंदिर के संकल्प की पवित्र भूमि है। राम मंदिर की तरह पालमपुर ने भी एक नया इतिहास बनाया है। शांता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि जब उन्होंने टीवी पर प्रधानमंत्री मोदी को यह कहते हुए देखा और सुना तो वह भावुक हो गए और स्वयं को धन्य अनुभव किया। उन्होंने राम मंदिर के 500 वर्षों के संघर्ष और सैकड़ों राम भक्तों की शहादत को याद करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत ही नहीं, बल्कि विश्व इतिहास की एक महान घटना है। उन्होंने बताया कि 12 जून 1989 को भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की ऐतिहासिक बैठक पालमपुर के रोटरी भवन में हुई थी, जिसमें राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया था। उस समय वह हिमाचल भाजपा के अध्यक्ष थे। बैठक में लालकृष्ण आडवाणी ने प्रस्ताव पेश किया था और अटल बिहारी वाजपेयी ने उसका समर्थन किया था। अटल के शब्द आज भी उनके कानों में गूंजते हैं – ह्लजब तक राम मंदिर बन नहीं जाता, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। शांता कुमार ने सुझाव दिया कि पालमपुर के सभी नेता मिलकर उस ऐतिहासिक कक्ष की स्मृति में एक विशेष स्मारक बनाएँ और रोटरी भवन के उस कमरे का नाम ह्यराम मंदिर संकल्प कक्षह्ण या इससे जुड़ा कोई नाम रखा जाए। उन्होंने कहा कि वह इस प्रयास में पूरा योगदान देने को तैयार हैं। उन्होंने पालमपुर के नेताओं और रोटरी संगठन से इस विषय पर मिलकर बैठने और निर्णय लेने का आग्रह किया ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इस ऐतिहासिक पल को स्मरण कर सकें।

## बांग्लादेश जाएगा पश्चिम बंगाल भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही बांग्लादेश जाएगा। यह दौरा उस हालिया घटना के संदर्भ में किया जा रहा है जिसमें बांग्लादेश के यशोर जिले के एक गांव में हिंदू मतुआ समुदाय पर कथित रूप से हमला, लूटपाट और आगजनी की गई। इस संवेदनशील स्थिति का जायजा लेने और पीड़ितों के हालात समझने के लिए भाजपा ने यह निर्णय लिया है।भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार शाम कोलकाता में संवाददाताओं को बताया कि पार्टी की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश के डहमर्सियाहाटी गांव में अल्पसंख्यक हिंदू मतुआ समुदाय पर हमलों की पड़ताल के लिए मौके पर जाकर स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन करेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बनगांव दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक स्वप्न मजूमदार करेंगे। प्रतिनिधिमंडल पेट्रोपोल-बेनापोल सीमा के रास्ते स्थल मार्ग से बांग्लादेश प्रवेश करेगा और यशोर जिले के प्रभावित क्षेत्रों में जाकर स्थानीय लोगों से बातचीत करेगा। जमीनी हालात का जायजा लेकर प्रतिनिधिमंडल पूरी स्थिति की रिपोर्ट पार्टी और संबंधी संस्थाओं को देगा।

## पानीपतः दिल्ली पैरलल नहर में डूबा युवक

**पानीपत :** पानीपत दिल्ली पैरलल नहर में नहाते वक्त एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में डूब गया। वह घर से काम पर गया था, लेकिन दोपहर को दोस्तों संग नहर पर पहुंच गया। औद्योगिक थाना पुलिस को दी शिकायत में शुक्रवार को शशी कुमार ने बताया कि उसका छोटा बेटा 17 वर्षीय गुरमीत उर्फ कालू शुक्रवार की सुबह खाने का टिफिन लेकर काम के लिए घर से निकला था। दोपहर साढ़े 3 बजे परिजनों को पता लगा कि गुरमीत अपने दोस्तों के साथ असंध रोड स्थित नहर पर नहाने के लिए गया था। जहां नहाते वक्त पानी में डूब गया और तब से वह नहर में लापता है। सूचना मिलने पर परिवार वाले नहर पर पहुंचे। जिन्होंने गुरमीत की तलाश शुरू की।

# वाराणसी : मान मंदिर घाट पर गंगा में डूब रहे युवक को एनडीआरएफ ने बचाया

एजेंसी



**वाराणसी :** दशाश्वमेध थाना क्षेत्र के मानमंदिर घाट पर शनिवार को गंगा नदी में नहाते समय डूब रहे युवक को एनडीआरएफ की टीम ने बचा लिया। गहरे पानी में से युवक को सकुशल बाहर लाया गया तो आसपास मौजूद लोगों ने जवानों के बहादुरी की जमकर प्रशंसा की। जान बचने पर युवक ने भी जवानों के प्रति आभार जताया। सोशल मीडिया में भी 11वीं वाहिनी, एनडीआरएफ टीम की लोगों ने मुक्त कंठ से सराहना की। शिवपुर निवासी आर्यन सिंह प्रातःकाल मान मंदिर घाट पर गंगा में स्नान कर रहा था। इसी दौरान अचानक गहरे पानी में फिसल कर बहने लगा। यह देख घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो सौभाग्यवश, उस समय गंगा नदी में नियमित जल पेट्रोलिंग कर रही 11वीं वाहिनी, एनडीआरएफ की टीम की नजर उस पर पड़ गई। बिना किसी विलंब के जवानों ने नदी में छलांग लगा दी। त्वरित प्रतिक्रिया और उत्कृष्ट तकनीकी कौशल का परिचय देते हुए उन्होंने डूबते हुए युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। 11वीं वाहिनी, एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने भी जवानों का उत्साह वर्धन किया। डीआईजी मनोज शर्मा ने कहा कि एनडीआरएफ की टीम काशी के घाटों पर सतर्कता और संकल्प के साथ तैनात है, जो हर परिस्थिति में जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कर्तव्यपालन के अंतर्गत घटनास्थल पर तैनात एनडीआरएफ के साहसी और उच्च प्रशिक्षित बचावकर्मियों ने अपनी ड्यूटी निभाई।

# ऑपरेशन शील्ड के तहत युद्ध जैसी स्थिति का अभ्यास आज, मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट का होगा आयोजन

एजेंसी



**जयपुर :** राजस्थान में अब शनिवार को युद्ध जैसी स्थिति का अभ्यास एक बार फिर किया जाएगा। केंद्र सरकार के निर्देश पर शनिवार को द्वितीय नागरिक सुरक्षा अभ्यास ह्लऑपरेशन शील्डह्ल के तहत मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट एक्सरसाइज की जाएगी। इससे पहले यह अभ्यास 29 मई को होना था, लेकिन ऐन वक्त पर इसे स्थगित कर दिया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशा-निदेर्शों की पालना में नागरिक सुरक्षा सुदृढ़ीकरण एवं क्रियाशीलता के आकलन के लिए ऑपरेशन शील्ड की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। केन्द्र और राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जयपुर जिले में शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास ड्रोन जैसे हवाई हमले की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नागरिकों से अपील की है कि मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट के दौरान स्वेच्छा से अपने घरों, कार्यालयों और वाहनों की लाइट बंद कर सहयोग करें। यह अभ्यास जिले के एक विशेष चिन्हित क्षेत्र में किया जाएगा, जबकि अन्य क्षेत्रों में सामान्य गतिविधियां जारी रहेंगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) संतोष मीणा ने बताया कि ड्रोन हमले की स्थिति को दशार्ते हुए चिन्हित क्षेत्र में रात्रि के समय सायरन बजाकर ब्लैकआउट की सूचना दी जाएगी। नागरिकों से कहा गया है कि वे सायरन सुनते ही शांतिपूर्वक अपने घरों के अंदर रहें और सभी प्रकार की लाइटें बंद कर दें। माचिस, मोबाइल फ्लैश, टॉर्च और अन्य प्रकाश उपकरणों का उपयोग न करें। यदि किसी स्थान से रोशनी बाहर आ रही हो तो खिड़की पर काला कागज लगाएं। सड़कों पर वाहन चलाने वालों को भी अपनी लाइट बंद कर वहीं रुकने की सलाह दी गई है। ब्लैकआउट के दौरान दो मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में बजने वाला सायरन खतरे का संकेत होगा, जबकि एक ही टोन में दो मिनट तक बजने वाला सायरन खतरे के समाप्त होने की सूचना देगा। इस दौरान नागरिकों से प्रशासन और सिविल डिफेंस की टीमों को सहयोग देने की अपील की गई है। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने इसके लिए सभी संचार माध्यमों और सायरन सिस्टम को दुरुस्त करने और रियल टाइम परिस्थितियों के अनुरूप मॉक ड्रिल को प्रभावी बनाने के निदेर्श दिए हैं। ब्लैकआउट के समय और स्थान को गोपनीय रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले 7 मई को भी प्रदेशभर में इसी तरह की मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट की गई थी, जिसमें कुछ कमियां सामने आई थीं। अब उन कमियों को दूर कर अभ्यास दोबारा किया जा रहा है। यह अभ्यास राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है, खासतौर पर तब जब 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ और इसके जवाब में भारत ने सात मई को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी।

## न्यूज IN ब्रीफ

### वरुणा नदी साफ होगी तब गंगा भी होंगी निर्मल



**वाराणसी :** वाराणसी की पहचान वरुणा नदी साफ होगी तब मां गंगा भी निर्मलता की ओर बढ़ती जाएंगी, इसी संदेश के साथ नमामि गंगे ने शनिवार को वरुणा के तट पर स्वच्छता अभियान चलाया। कचहरी स्थित शास्त्री घाट पर वरुणा किनारे अभियान चला कर गंगा की सहायक नदियों के निर्मलीकरण की आवश्यकता पर बल दिया गया। माता की तरह हितकारिणी नदियों के साथ हृदय से जुड़ने का लोगों से आह्वान किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नदियों के किनारे अधिक से अधिक पेड़ लगाने की भी अपील की गई। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि गंगा की निर्मलता के लिए गंगा की सहायक नदियों का स्वच्छ होना बहुत जरूरी है। वरुणा नदी हमारी काशी की पहचान है । वाराणसी शब्द भी वरुणा और असी नदी को जोड़कर बना है। हम शपथ लें कि वरुणा किनारे गंदगी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वरुणा साफ रहेंगी तो मां गंगा की निर्मलता पर भी प्रभाव पड़ेगा। अभियान में सारिका गुप्ता, पंकज अग्रहरि सहित अन्य लोगों ने भागीदारी की।

### गैर जमानती मामले में पुलिस के समन के बाद भी हाजिर नहीं हुए अणुव्रत मंडल

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ और विवादित नेता अणुव्रत मंडल एक बार फिर कानूनी संकट में घिरते नजर आ रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी की पत्नी और मां को दुष्कर्म की धमकी देने के मामले में उनके खिलाफ गैर जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में बोलपुर एसडीपीओ कार्यालय से उन्हें समन भेजा गया था और शनिवार सुबह थाने में पेश होने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, डेडलाइन गुजर जाने के बाद भी अणुव्रत मंडल खुद पेश नहीं हुए। उनकी ओर से पांच वकीलों की एक टीम बोलपुर एसडीपीओ कार्यालय पहुंची। वकीलों ने हालांकि इस मामले पर सीधे कुछ कहने से इनकार किया। एक वकील ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ह्लहम किसी अन्य विषय पर मिलने आए थे।ह्व एक अन्य वकील ने इस मुलाकात को महज ह्लशिष्टाचार भेंटह्व बताया। सूत्रों के मुताबिक, मंडल अब इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए सिउड़ी महकमा अदालत या कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि अणुव्रत मंडल पहले भी कई बार विवादित बयानों, धमकियों और भड़काउ लहजे के कारण चर्चा में रहे हैं। पश्चिम बंगाल में गौ तस्करी मामले में भी उनका नाम सामने आया था, जिस कारण उन्हें केंद्रीय एजेंसियों ने गिरफ्तार किया था और वह लंबे समय तक दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद रहे थे। एक दिन पहले एक पुलिस अधिकारी से बातचीत का उनका ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें मंडल ने पुलिस अधिकारी की पत्नी और मां को दुष्कर्म की धमकी दी। धमकी का ऑडियो वायरल होने के बाद मंडल पर भारतीय न्याय संहिता की कई गैर जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि यदि वह जल्द ही पेश नहीं होते, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

### कमजोर हुआ निम्नदाब, दक्षिण बंगाल में उमस भरी गर्मी की वापसी

**कोलकाता :** दो दिन पहले जिस निम्न दाब के कारण बंगाल में भारी बारिश की आशंका मडरा रही थी वह अपना बल खो चुका है। हालांकि भारी बारिश ना सही लेकिन हल्की-फुल्की बारिश जारी रह सकती है। इसके साथ ही दक्षिण बंगाल में बढ़ती उमस और गर्मी आम जन की परेशानी को और भी ज्यादा बढ़ा सकती है। अलीपुर मौसम विभाग की ओर से शनिवार को जारी बयान के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बना रहा गहरा निम्न दाब बांग्लादेश में प्रवेश करने के बाद कमजोर होकर केवल एक स्पष्ट निम्न दाब में बदल गया है। फिलहाल यह उत्तर बांग्लादेश और मेघालय के आसपास सक्रिय है और धीरे-धीरे पूर्व और उत्तर की ओर बढ़ रहा है। इसका असर केवल उत्तर बंगाल तक सीमित रहेगा, दक्षिण बंगाल में कोई विशेष प्रभाव नहीं दिखाई देगा। दक्षिण बंगाल में तापमान में वृद्धि और उमस जनित गर्मी लौटने की संभावना है । अगले तीन से चार दिनों में तापमान में लगभग चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है, अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान बढ़ सकते हैं। वातावरण में नमी की मात्रा अधिक रहने के कारण घुटन और असहजता महसूस की जा सकती है जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो सकता है। दक्षिण पश्चिम मानसून उत्तर बंगाल में दस्तक दे चुका है, लेकिन दक्षिण बंगाल में इसके आगमन की सटीक जानकारी या तारीख का अभी तक ऐलान नहीं हुआ है। सामान्य तौर पर मानसून 10 जून तक दक्षिण बंगाल पहुंच जाता है। इस बार केरल में मानसून पहले ही आ गया है, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि बंगाल में भी मानसून समय से पहले दस्तक दे सकता है। शनिवार को आसमान आंशिक रूप से मेघाच्छादित रहेगा। साथ ही हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।दक्षिण बंगाल में फिलहाल भारी बारिश की संभावना नहीं है लेकिन उमस और गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है। वही उत्तर बंगाल में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की संभावना है।

### होटल में डकैती के सात आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** पश्चिमी दिल्ली जिले पंजाबी बाग थाना पुलिस ने एक होटल में बीती 29 मई की सुबह करीब 3 बजे हुई डकैती की वारदात को महज 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने उक्त मामले में सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन नाबालिग शामिल हैं। आरोपितों के कब्जे से लूटी गई 39,000 रुपये की नकदी, दो मोटरसाइकिल, वारदात के दौरान पहने गए कपड़े और दो चाकू बरामद किए गए हैं। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने शनिवार को बताया कि होटल 'सैफ्रॉन गोल्डन' में सातों आरोपित दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पहुंचे। इनमें से चार आरोपित होटल के अंदर दाखिल हुए और तीन बाहर निगरानी के लिए खड़े रहे। होटल में घुसने वाला एक आरोपित ह्यब्लिंकिटह्ण कंपनी की डिलीवरी ब्वॉय की टी-शर्ट पहने हुए था। जिसने वारदात से पहले करीब आधा घंटा पहले होटल की रेकी भी की थी। आरोपितों ने होटल के रिसेप्शन पर मौजूद स्टाफ को चाकू दिखाकर 50 हजार रुपये और दो मोबाइल लूट लिए। पुलिस नेहोटल कर्मचारियों के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान एक आरोपित ने खुलासा किया कि वह पहले इसी होटल में हाउसकीपिंग स्टाफ के तौर पर काम कर चुका था और उसे रिसेप्शन पर कैश की जानकारी थी। उसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पूरी योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पीरा गढ़ी कैंप निवासी चंदन (20), बसई दारापुर निवासी शिवम (21), सुदर्शन पार्क निवासी उपेंद्र (22), फरीदाबाद निवासी दर्शन (24) और तीन नाबालिग के रूप में हुई है।

# हाइटेंशन बिजली तार चोर गिरोह के छह सदस्यों को रंगेहांथ गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

## चार बंडल बिजली तार, प्रयुक्त एक बोलोरो पिकअप वैन, एक मोटरसाइकिल ,एक बड़ा इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन बरामद



मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला स्थित रायडीह थाना क्षेत्र से पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली की रायडीह थाना क्षेत्र के मुरूमकेला ग्राम जंगल के समक्ष स्थित एक खेत में हाईटेंशन बिजली तार को काटकर और तार चोर गिरोह के सदस्यों द्वारा बोलोरो पिकअप गाड़ी में लोड कर ले जाने वाले हैं , उक्त सूचना मिलते ही चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें एक छापामारी दल का गठन करते हुए उसमें पुलिस निरीक्षक आंचल चैनपुर जितेंद्र राम, रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार, पुअनि सूरज टोप्पो, सअनि धनंजय कुमार सिंह, एवं शस्त्र पुलिस बल के जवान सभी रायडीह थाना ने उक्त घटनास्थल पर जैसे ही पहुंचे, उन्हें देखकर तार चोर गिरोह के सभी सदस्य जंगल और पहाड़ों के तरफ भागे यह देख पुलिस छापामारी दल ने आस-पास में उपस्थित ग्रामीणों का सहयोग लेकर और जंगल पहाड़ों को गिरकर कुल चार व्यक्ति सुरेश उरांव, दीपक कुमार, खीस्तयानुस एक्का एवं कृष्णा लोहरा को पकड़ने में सफल रहे , जबकि उनके तीन साथी घने जंगल और पहाड़ों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहें, बाद में पुछताछ के क्रम में उन्होंने अपने अपने अपराध स्वीकार करते हुयें , उनके निशानदेही पर उक्त चोरी गिरोह द्वारा विधुत लाइन से काटकर अलग रखा गया हाईटेंशन बिजली के तार का चार बंडल तार, प्रयुक्त बोलोरो पिकअप वैन गाड़ी, एक मोटरसाइकिल, को विधिवत जब्त कर और चारों तार चोर गिरोह के सदस्यों को विधिवत गिरफ्तार कर सभी को रायडीह थाना में लाया गया जहां पूछताछ के क्रम अपने-अपने अपराध स्वीकार करते हुए , उन्होंने बताया की इस घटना से पूर्व में रायडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत परसा ग्राम, सोपो ग्राम, गुमला सदर थाना स्थित जोराग ग्राम, टायसेरा ग्राम, करौंदी ग्राम, एवं तेलगांव ग्राम से हाईटेंशन बिजली तार गिरोह द्वारा लाखों रुपए मूल्य के उक्त तार को चोरी करने के बाद उसे पालकोट और झारखंड की राजधानी रांची में बेचा जाता हैं, उक्त तार चोर गिरोह में शामिल अन्य दो लोगों को पालकोट तपकरा ग्राम निवासी अनुज महतो, एवं गुमला सदर थाना क्षेत्र के गढ़सारु ग्राम निवासी फादर लोहरा को भी उक्त छापामारी दल ने विधिवत गिरफ्तार करते हुए और उनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बोलोरो पिकअप वैन और एक बड़ा इलेक्ट्रॉनिक वजन करने वाला मशीन जिससे उक्त चोरी का तार वजन कर बेचा जाता था , को बरामद किया गया, उक्त सभी अभियुक्तों के विरुद्ध रायडीह थाना दो प्राथमिकी और गुमला थाना में दो प्राथमिकी अलग अलग दर्ज करते हुए हाईटेंशन बिजली तार चोर गिरोह का उद्भेदन किया गया और उक्त तार चोरी गिरोह के फरार चार अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए संभावित क्षेत्रों में गिरफतारी हेतु छापामारी किया जा रहा हैं।

### न्यूज ब्रीफ

## भारी मात्रा में अवैध प्रतिबंधित नशीली दवाओं सहित तस्कर गिरफ्तार



**गुमला :** गुमला पुलिस प्रशासन को मिली एक और बड़ी सफलता , अवैध प्रतिबंधित नशीले पदार्थो ( दवाओं ) का एक बड़ा खेप बरामदगी के साथ ही साथ एक नशीले पदार्थो के अवैध धंधेबाज तस्कर को किया गिरफतार, एक फरार , इस संबंध में गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने अपने कार्यालय कक्ष में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया की गुमला पुलिस अधीक्षक महोदय को एक गुप्त सूचना मिली कि गुमला थाना अंतर्गत स्थित अटरिया ग्राम निवासी मुबारक खान और इम्पयाज खान द्वारा अपने घर में भारी मात्रा में अवैध प्रतिबंध नशीली दावोंओ को रखकर खरीद बिक्री किया जा रहा है उक्त सूचना पर पुलिस अधिक महोदय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए , एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए , जिसका पालन करते हुए पुलिस निरीक्षक सह गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली, तथा नवनिर्मित टोटो थाना के पुअनि उदेश्वर पाल , हवलदार फूलजेंस टोप्पो, आरक्षी मनोरंजन भगत, राजेश्वर नायक, सहायक आरक्षी प्रवीण टोप्पो एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने अटरिया ग्राम स्थित मुबारक खान के घर में पहुंच कर विधिवत घर का नाकाबंदी किया गया , और घर में उपस्थित मुबारक खान ( पिता - स्व० मुतुर्जा खान ) के उपस्थिति में एनडीपीएस की धारा 50 के तहत विधिवत दोनों अभियुक्तों के घरों में बारी-बारी से तलाशी ली गई।

बरामद अवैध प्रतिबंधित नशीली दवाइयां से संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया और ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिया, सभी प्रतिबंधित नशीली दवाइयों को विधिवत जब्त किया गया और मुबारक खान को विधिवत गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरा अभियुक्त इम्पायाज खान अपने घर पर नहीं मिला, मुबारक खान के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा हैं।

## वज्रपात से महिला की मौत, मुआवजे की मांग

**चतरा :** सिमरिया थाना क्षेत्र के दुंदुआ गांव के टोला सिकटिया में बारिश के साथ हुई वज्रपात से महिला की मौत हो गई। मृतक महिला गांव के इंद्रजीत रजक की पत्नी सोहरी देवी 45 वर्षीय थी। परिजनों ने बताया कि वह अपने घर से बारिश का पानी निकाल रही थी।इस बीच अचानक तेज बारिश के साथ वज्रपात की हुई। जिससे महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं बच्चे अपनी मां की याद में बिलख-बिलख कर रो रहे जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, घटना की खबर मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि ग्यास मियां, पंसस प्रतिनिधि विजय राम मृतक के घर पहुंचे और दुख व्यक्त की। साथ ही परिजनों को इस दुख की घड़ी में साथ रहने की बात कही।इस घटना की सूचना अंचल और थाना को दी। ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधियों ने अंचल कार्यालय से मृतक के परिजन को आपदा राहत के तहत मुआवजा देने की मांग की है।

## बेकाबू पिकअप वैन ने बाइक में मारी टक्कर

**चतरा :** टंडवा प्रखंड के टंडवा-सराढु मुख्य मार्ग स्थित कोसाहा के पास पिकअप वैन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार गिद्दी थाना क्षेत्र के टेहराटांड़ निवासी प्रकाश करमाली (45) व आसमा गंझू (60) गंभीर रुप से घायल हो गया।घटना शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे की है। घटना के बाद चालक वैन लेकर भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार दोनों अपनी बाइक से सराढ्ढ की ओर जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप वैन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद लोग दोनों को टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज कर रहे चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुदीप कुमार ने बताया कि सिर में गंभीर चोट लगने के कारण बेहोशी की हालत में प्रकाश करमाली को रेफर किया गया। वहीं आसमा गंझू को हाथ में चोट लगी है। उसकी हालात सामान्य है।

## सारंडा के भनगांव में दंतैल हाथी ने तीन घर को किया तबाह

**जमशेदपुर :** सारंडा जंगल क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात एक बार फिर हाथी ने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले स्थित भनगांव गांव को निशाना बनाया। इस हमले में नरसिंह तोरकोड, जोटो तोरकोड और कोतोय तोरकोड के घर पूरी तरह से तहस-नहस हो गए। घर के लोग किसी तरह अपनी जान बचाकर भागने में सफल रहे, लेकिन उनका आशियाना हाथी के कहर से नहीं बच सका। ग्रामीणों के अनुसार, देर रात एक दतैल जंगली हाथी गांव में घुस आया और लगातार कई घंटों तक उत्पात मचाता रहा। हाथी ने बारी-बारी से तीनों परिवारों के घरों को तोड़ डाला, जिसमें अनाज, बर्तन, कपड़े और जरूरी दस्तावेज भी नष्ट हो गए। भयभीत ग्रामीण रातभर जंगल और पहाड़ियों की ओर भागकर जान बचाई। इस घटना के कुछ ही घंटे बाद झारखंड की सीमा से सटे ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के मुटुहाल गांव से भी एक दुखद खबर सामने आई है। वहां एक महिला को जंगली हाथी ने रौंद कर मार डाला। लगातार हो रही इन घटनाओं ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है। स्थानीय लोग वन विभाग से बार-बार गुहार लगा रहे हैं कि हाथियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, लेकिन अब तक कोई कारगर कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की ओर से न तो समय रहते अलर्ट जारी किया गया, न ही किसी प्रकार की गश्ती व्यवस्था की गई थी। अक्सर चेतावनी दी जाती है, लेकिन जब संकट आता है तब कोई अधिकारी मौके पर नहीं दिखता। ग्रामीणों ने मुआवजे और स्थायी समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत और मुआवजा दिया जाए। साथ ही हाथी से बचाव के लिए गांवों के आसपास सौर बाड़, गश्ती दल और जागरूकता अभियान चलाए जाएं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो हाथी-मानव संघर्ष और भी विकराल रूप ले सकता है।

## बलियापुर चौक पर लगे होर्डिंग्स को लेकर सीओ ने जारी किया इश्तेहार

**बलियापुर :** बलियापुर चौक के चारों ओर लगाए गए चार होर्डिंग्स को लेकर सीओ ने शुक्रवार को आम इश्तेहार जारी किया। सीओ का कहना है कि बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति लिए बीच चौक पर होर्डिंग्स लगाया जाना गलत है। सीओ की ओर से जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि दो जून तक संबंधित व्यक्ति या संस्था बलियापुर चौक पर लगाए गए होर्डिंग्स से संबंधित राजस्व दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा मामले में एकतरफा कार्रवाई की जाएगी। कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करनेवाले किसी भी व्यक्ति अथवा निजी संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। सरकारी भूमि का इस्तेमाल सार्वजनिक उद्येश्यों की पूर्त्ति के लिए ही किया जा सकेगा।

## ऐसे उपायुक्त जो खड़े होकर जनता दरबार में लोगों की बातें, पीड़ा और समस्या को सुनते और जानते हैं



ज्योति पाठक

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के आईएएस अधिकारी फैज अक अहमद मुमताज झारखंड के ऐसे आईएएस अधिकारी हैं जो उपायुक्त पद पर रहते हुए लोगों की बातें, पीड़ा और समस्या को जनता दरबार के दिन सुनने के क्रम में खड़े होकर सारी बात जानने का प्रयास करते हैं जिला के सर्वोच्च पदाधिकारी का ऐसे स्वभाव और तरीके से जिला वासी काफी प्रभावित है क्योंकि जिला के सर्वोच्च पदाधिकारी से मिलने और मुलाकात के लिए काफी समय तक इंतजार भी करना पड़ता है तब जाकर उनसे मुलाकात होती है और अपनी बात कहने के लिए कम समय में ही सारी जानकारी भी देनी पड़ती है किंतु नव पद स्थापित उपायुक्त श्री अहमद के द्वारा जिस प्रकार से स्नेह अपनापन व समस्या और पीड़ा को जानने की कोशिश की जाती है वह अपने आप में अनुकरणीय और प्रेरणा स्रोत है हमें ऐसे आईएएस अधिकारी और उपायुक्त पर निश्चित तौर पर गर्व है।

## श्यामसुंदरपुर के पिताजुड़ी पहुंचे आठ हाथी, दहशत

मेट्रो रेज संवाददाता

**चाकुलिया:** चाकुलिया प्रखंड के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र स्थित हाईवे 18 से सटे पिताजुड़ी के पास विगत रात्रि आठ जंगली हाथी आ पहुंचे हैं। इसके कारण आसपास के गांवों में दहशत है। ग्रामीणों के मुताबिक शनिवार को उक्त हाथी पिताजुड़ी में हाईवे से श्यामसुंदरपुर होते हुए गुड़ाबांदा जाने वाली मुख्य सड़क से सटे जंगलों में हैं। इसके कारण उक्त सड़क पर लोग सावधानी से आवागमन कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वन विभाग ने इन हाथियों को क्षेत्र से नहीं भगाया तो हाथी रात में जंगल से निकल कर गांवों में उपद्रव मचा सकते हैं। विदित हो कि पिछले 15 दिनों से चाकुलिया वन क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही बढ़ गई है। जंगली हाथी गांवों में घुसकर भारी उपद्रव मचा रहे हैं। धान खाने के लिए घरों को तोड़ रहे हैं। वहीं आम और केला की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## टीवी पोषण किट का किया गया वितरण



मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को अंचल अधिकारी रामप्रवेश कुमार, प्रमुख जीवंती एक्का एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अलबेल केरकेट्टा के द्वारा टी वी मुक्त पोषण किट का वितरण किया गया। जिला कार्यक्रम समन्वयक विनय कुमार ने बताया कि टी वी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र बनकर डुमरी एवं जारी प्रखंड में कुल 20 उपचारित टी वी मरीजों को गोद लेकर पोषण किट उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, एवं स्वास्थ्य कर्मी शामिल हैं। इस पोषण किट में चना, दाल , गुड़, बादाम एवं तेल कुल 8 किलोग्राम सभी उपचारित मरीजों को उपचार अवधि तक निक्षय मित्र के द्वारा प्रति माह उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में उपस्थित अधिकारियों ने टी वी से बचाव हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए मरीजों को नियमित दावा का सेवन करने एवं समय समय पर जांच कराने की सलाह दी। वहीं एस टी एस अजय लकड़ा ने टी वी मरीजों को कहा कि वे किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता हेतु हर समय उनसे संपर्क स्थापित कर सकते हैं , जिससे कि इलाज में कोई बाधा न हो। वहीं उपस्थित अधिकारियों ने जन सामान्य से अपील की है कि उपचारित टी वी मरीजों को गोद लें एवं निक्षय मित्र बनें। मौके पर एस टी एल एस पवन कुमार, लैब टेक्नीशियन नरेंद्र कुमार, बीपीएम राजेश केरकेट्टा, टाटा स्टील फाउंडेशन के कर्मी, बी टी टी एजरस एक्का, शांता टोप्पो, दीपिका कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह के बच्चियों के प्रति संवेदनशील होकर करें कार्य

## समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से करें कार्य : डीसी




बिनय मिश्रा

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने बाल सुधार गृह सह संप्रेक्षण गृह की व्यवस्था व किये जा रहे कार्यों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों व डीसीपीयू की टीम को बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह के बच्चियों के प्रति संवेदनशील होने का निर्देश दिया।

इसके अलावा उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि बाल सुधार गृह के बच्चियों के स्वास्थ्य का पूरा-पूरा ध्यान रखा जाय और नियमित अंतराल पर इनके स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करे। आगे उपायुक्त ने बाल संरक्षण पदाधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चियों की जरूरतों को मुहैया कराते हुए इनका विशेष ख्याल रखें और बच्चों के प्रति संवेदनशील रहें, ताकि बच्चियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान मौके पर उपरोक्त के अलावा बाल संरक्षण पदाधिकारी मीरा कुमारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीसीपीयू की टीम एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थीं।

## विश्व तंबाकू दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों को दिलाया गया शपथ

**चक्रधरपुर :** शनिवार को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में विश्व तम्बाकु दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाई गई। जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर अंशुमन शर्मा ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को तम्बाकू का उपयोग न करने एवं परिजनों, मित्रों व परिचितों को भी तम्बाकू का सेवन न करने के लिये प्रेरित करने व पर्यावरण को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने की शपथ दिलाई गयी। साथ ही उन्होंने बताया कि तम्बाकु का सेवन जानलेवा हो सकता हैं। तम्बाकु या धूम्रपान व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर डालता हैं। दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप से तंबाकू का सेवन कर रहे हैं।

लोगों में बीड़ी, सिगरेट और गुटखा आदि के सेवन से कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। धूम्रपान करने से धमनियां कमजोर होने लगती हैं और कोरोनरी हार्ट डिजीज और स्ट्रोक हो सकता है। इसके अलावा तम्बाकू का उपयोग से कैंसर या फेफड़े की बीमारी भी हो सकती है। ऐसे में लोगों को तंबाकू के सेवन से रोकने के लिए जागरूकता ही एक माध्यम हैं। मौके पर डॉ दीक्षा सिंघल, अकाउंटेंट मनोज कुमार साह, जगन्नाथ प्रसाद महतो, सुनीता महतो, धीरज दास, ममता टोप्पो समेत काफी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## दो किशोरियां अंडमान निकोबार से सकुशल गुमला लायी गई

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला प्रशासन एवं अंडमान-निकोबार प्रशासन के संयुक्त प्रयास से गुमला जिले की दो किशोरियों को सुरक्षित रूप से अंडमान निकोबार से रेस्क्यू कर आज गुमला लाया गया। इनमें एक की उम्र लगभग 20 वर्ष तथा दूसरी की उम्र 15 वर्ष है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में एक किशोरी को उनके परिजन के द्वारा अंडमान ले जाया गया था, जहां उसे स्थानीय कार्यों में संलग्न कर दिया गया था। दूसरी किशोरी को वर्ष 2024 में पढ़ाई और बेहतर देखभाल का आश्वासन देकर निकोबार ले जाया गया था, जहां उसे एक फैक्ट्री में काम पर लगाया गया।

इन दोनों मामलों में बालिकाओं को बाद में अंडमान निकोबार के जिला बाल संरक्षण तंत्र द्वारा संरक्षण में लिया गया तथा उन्हें बालिका गृह में रखा गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गुमला अमर कुमार द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित परिजनों की पहचान की गई। इसके उपरांत, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोनों परिवारों की उपस्थिति बाल कल्याण समिति, अंडमान निकोबार के समक्ष सुनिश्चित की गई।सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत दोनों किशोरियों को सकुशल गुमला लाया गया। इनमें से 20 वर्षीय किशोरी को उसके परिवार को सौंप दिया गया है, जबकि 15 वर्षीय किशोरी को फिलहाल गुमला के बालिका गृह में रखा गया है। उसके पुनर्वास एवं काउंसलिंग की प्रक्रिया जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सुनिश्चित की जा रही है।

गुमला जिला प्रशासन बच्चों के हितों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है एवं भविष्य में भी ऐसे मामलों में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्रवाई करता रहेगा।

## बाबूडीह व पांडरपाला जाने के लिए बनेंगी 30-30 फीट की दो नई सड़कें

**धनबाद :** शहर के बीचोंबीच संचालित राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर अब आने वाले समय में एजुकेशन हब के रूप में जाना जाएगा। पॉलीटेक्निक परिसर में धनबाद पॉलीटेक्निक, एसएसएलएनटी कॉलेज, आईटीआई, बीबीएमकेयू का सेकंड कैंपस व साइंस सेंटर यानी कि अब पांच संस्थान होंगे। पांचों संस्थान का अपना कैंपस होगा। महत्वपूर्ण यह है कि आसपास के कई मोहल्लों का रास्ता बदल जाएगा। वर्तमान में पॉलीटेक्निक कैंपस में पंपू तालाब खत्म होने के बाद से रास्ता शुरू होता है। यही रास्ता कैंपस के बीचोंबीच होते हुए एक रास्ता बाबूडीह की ओर व दूसरा रास्ता पांडरपाला की ओर जाता है। दोनों रास्ता निकाल कर बीच वाली सड़क को बंद कर क्लोज कैंपस किया जाएगा। अब नए साइट प्लान के अनुसार बाबूडीह व पांडरपाला जाने के लिए अब कैंपस के बीचोंबीच नहीं बल्कि किनारे-किनारे दो रास्ते बनेंगे। दोनों सड़क 30-30 फीट की बनेगी। बेकारबांध पंपू तालाब की ओर से पॉलीटेक्निक कैंपस में प्रवेश करते दायीं ओर बाउंड्री के किनारे-किनारे जाते हुए एक रास्ता गर्ल्स हॉस्टल की ओर जाएगा। गर्ल्स हॉस्टल के पहले से रास्ता मुड़कर बाबूडीह की ओर जाएगी। यहीं पर (धनबाद आईटीआई के पीछे) एसएसएलएनटी महिला कॉलेज को 25 एकड़ जमीन हस्तांतरित की गई है। दूसरा रास्ता पॉलीटेक्निक कैंपस में प्रवेश करते ही बाईं ओर क्वार्टर के बगल से 30 फीट का रास्ता किनारे-किनारे जाएगा। यहां पर 3.95 एकड़ जमीन अतिक्रमण है। उसके बगल से होते हुए इलेक्ट्रिक सब स्टेशन के बगल में रास्ता निकलेगा। इलेक्ट्रिक सब स्टेशन व प्रस्तावित डिस्ट्रिक साइंस सेंटर के बीच से रास्ता पांडरपाला रोड में मिल जाएगा। वर्तमान में बीबीएमकेयू के प्रशासनिक भवन से लेकर पीछे तालाब व मैदान तक की जमीन बीबीएमकेयू को हस्तांतरित की गई है।